CNews सिटी चीफ

# सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-95
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर बुधवार, 10 जुलाई 2024

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM




**आज का विचार**

जिंदगी का रास्ता कभी बना बनाया नही मिलता है..
स्वयं को बनाना पड़ता है..
जिसने जैसा मार्ग बनाया उसे वैसी ही मंजिल मिलती है..

# एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा

## सड़क पर लग गया लाशों का ढेर... 18 की मौत




उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बुधवार सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे भीषण सड़क हादसा हुआ। डबल डेकर बस एक टैंकर से टकरा गई। टकराने के बाद हाईवे पर बस कई बार पलटी। दर्दनाक हादसे में 18 यात्रियों की जान चली गई, जबकि 19 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, डबल डेकर बस बिहार के शिवगढ़ से राजधानी दिल्ली जा रही थी। जैसे ही स्लीपर बस लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बेहटा मुजावर थाना इलाके में हवाई पट्टी पर पहुंची तो दूध से भरे टैंकर में भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। जिस जगह पर हादसा हुआ, वहां लाशों का अंबार लग गया। सड़क पर लाश ही लाश दिखाई दे रहीं थीं। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में एक बच्चे और महिलाओं समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 20 यात्री गंभीर रूप से जख्मी हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शुरुआती जांच में पता चला है कि बस की स्पीड अधिक थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया स्लीपर बस अनियंत्रित होकर टैंकर से टकराई थी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसा इतना भीषण था कि इसे देखकर घटनास्थल पर मौजूद लोग सहम गए। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव के सामने हुए सड़क हादसा के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, पुलिस ने कुछ मृतकों की शिनाख्त कर ली है। उन्नाव के जिला अधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि दिल्ली जा रही एक निजी बस में करीब 57 यात्री सवार थे। सुबह 5:15 बजे बस की दूध के कंटेनर से टक्कर होने से 18 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। करीब 20 लोग सुरक्षित हैं, जिन्हें दिल्ली भेजा जा रहा है। छह लोगों को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है, बाकी का इलाज जिला अस्पताल में हो रहा है। हमारे पास इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्था है और हम जल्द से जल्द सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्नाव एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने बताया कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक बस एक दूध के कंटेनर से टकरा गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। 5 घायलों को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। मृतक और घायलों की पहचान की जा रही है, हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए गए हैं।

### मृतकों का विवरण

1. दिलशाद पुत्र अशफाक निवासी थाना मोदीपुरम जनपद मेरठ उम्र करीब 22 वर्ष
2. बीटू पुत्र राजेन्द्र निवासी थाना भादूर जनपद शिवहर, बिहार उम्र करीब 9 वर्ष
3. रजनीश पुत्र रामविलास निवासी जनपद सीवान, बिहार
4. लालबाबू दास पुत्र रामसूरज दास निवासी थाना हिरागा जनपद शिवहर, बिहार
5. रामप्रवेश कुमार निवासी उपरोक्त
6. भरत भूषण कुमार पुत्र लाल बहादुर दास निवासी उपरोक्त
7. बाबू दास पुत्र रामसूरज दास निवासी उपरोक्त
8. मो0 सद्दाम पुत्र पुत्र मो0 बशीर निवासी गमरोली थाना शिवहर, बिहार
9. नगमा पुत्री मो0 शहजाद निवासी भजनपुरा, दिल्ली
10. शबाना पत्नी मो0 शहजाद निवासी उपरोक्त
11. चांदनी पत्नी मो0 शमशाद निवासी शिवोली, मुलहारी
12. मो0 शफीक पुत्र अब्दुल बसीर निवासी उपरोक्त
13. मुन्नी खातून पत्नी अब्दुल बसीक निवासी उपरोक्त
14. तौफीक आलम पुत्र अब्दुल बसीर निवासी उपरोक्त

*PMO ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्नाव में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।*



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना पर दुख जताया। उन्होंने लिखा कि हादसे में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखदाई है। ऐसी आकस्मिक मृत्यु का शिकार हुए लोगों के परिवार के सदस्यों के प्रति मैं गहन शोक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।



उत्तर प्रदेश CM योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव ज़िले में हुई सड़क दुर्घटना का संज्ञान लिया और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क दुर्घटना हुई है, 18 लोगों के हताहत और 19 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों को उच्च स्तरीय अस्पतालों में ले जाया जा रहा है, उन्नाव, कानपुर के सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है।

## सिंगल कॉलम

### नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दो और लोगों को किया गिरफ्तार

पटना। नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई का एक्शन लगातार जारी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को बहिरा से दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 11 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। सीबीआई ने नालंदा और गया से सन्नी कुमार और रंजीत नाम के दो आरोपियों को अरेस्ट किया है। सन्नी ने ठएएळ का एग्जाम दिया था, जबकि रंजीत एक अन्य स्टूडेंट का पिता है। इन दोनो पर पेपर लीक में शामिल होने का आरोप है। इससे पहले सीबीआई ने 8 जुलाई को महाराष्ट्र के लातूर से भी एक शख्स को गिरफ्तार किया था। आरोपी की पहचान नंजुने धप्पा के रूप में हुई थी, जो छात्रों को पैसे लेकर उनके नंबर बढ़ाने का दावा करता था। लातूर के सरकारी स्कूल के दो शिक्षकों ने नीट यूजी अभ्यर्थियों से परीक्षा में सफलता सुनिश्चित करने के लिए करीब पांच लाख रुपये की मांग की थी। एक अधिकारी ने बताया कि नीट यूजी पेपर लीक मामले में बिहार से 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लातूर और गोधरा से एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि साजिश के आरोप में देहरादून से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अब एजेंसी ने बिहार से 2 लोगों को और गिरफ्तार किया है। पेपर लीक मामले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। केंद्र सरकार ने 5 मई को आयोजित परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर बड़े पैमाने पर उठे विवाद के बाद सीबीआई को प्रकरण की जांच करने की जिम्मेदारी दी। सीबीआई ने इस मामले में छह एफआईआर दर्ज की हैं।

### आजम खान के रिजॉर्ट को बुलडोजर से ढहाया, चार घंटे चली कार्रवाई

**रामपुर।** रामपुर में आजम खान के हमसफर रिजॉर्ट पर 4 घंटे तक बुलडोजर चला। प्रशासन की टीम मंगलवार सुबह 8 बजे 3 बुलडोजर और भारी फोर्स लेकर रिजॉर्ट पहुंची। दोपहर 12 बजे तक ढहाने का काम चलता रहा। रिजॉर्ट आजम की पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्लाह के नाम है। यह ग्राम समाज की जमीन पर बनाया गया था। प्रशासन ने इसे ढहाने का नोटिस दिया, तो तंजीन फातिमा कोर्ट चली गई थीं। वह कोर्ट में केस हार गई थीं। रिजॉर्ट में 380 स्क्वायर मीटर में किए गए निर्माण कार्य को ढहा दिया गया। इसमें बाउंड्रीवाल, एक इमारत और लॉन शामिल है। हमसफर रिजॉर्ट कुल 20 बीघे जमीन पर बना है। आजम खान इन दिनों सीतापुर जेल में बंद हैं। जिला प्रशासन ने तहसीलदार सदर की कोर्ट में वाद दायर किया था। इसमें कहा गया था कि रिजॉर्ट में खाद के गड्ढों की 0.038 हेक्टेयर जमीन है, जिसकी गाटा संख्या 164 है। कोर्ट के आदेश पर पैमाइश कराई गई। इसमें पुष्टि हुई कि यह जमीन खाद के गड्ढों की है। इसके बाद यह एक्शन लिया गया। रामपुर के शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर हमसफर रिजॉर्ट बनाने के मामले में शिकायत की थी। उन्होंने इस रिजॉर्ट को ध्वस्त करने के लिए प्रशासन पर प्रेशर बनाया था। इसके बाद प्रशासन ने मंगलवार को ये कार्रवाई की। 2019 में हमसफर रिजॉर्ट में सामुदायिक उपयोग की जमीन कब्जा करने का आरोप लगा था। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने जांच और पैमाइश के बाद एक गाटा संख्या की भूमि कूड़े से खाद बनाने वाले गड्ढों के लिए और दो गाटा संख्या के भूभागों पर सरकारी रास्ता दर्ज होने की रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा गया था कि ये सरकारी भूमि हमसफर रिजॉर्ट के अंदर है।

### गौतम गंभीर बने टीम इंडिया के नए कोच, जय शाह ने किया औपचारिक ऐलान

नई दिल्ली। गौतम गंभीर को भारतीय क्रिकेट टीम का नया कोच नियुक्त कर दिया गया है। बीसीसीआई की तरफ से मंगलवार को इसका औपचारिक ऐलान कर दिया गया। जय शाह ने एक्स पोस्ट के जरिये इस बात की जानकारी दी। 42 साल के गंभीर द वॉल के नाम से मशहूर राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। द्रविड का कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद समाप्त हो चुका है। गंभीर ने डेढ़ महीने पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल-2024 का चैंपियन बनाया था। वे इसी साल कोलकाता की फ्रेंचाइजी के मेंटर बने थे। इतना ही नहीं, गंभीर ने अपनी मेंटरशिप में लखनऊ

## मप्र में 13 साल से कम उम्र के बच्चे भी 9वीं में ले सकेंगे एडमिशन

### स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश



भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए 13 साल की आयु सीमा का बंधन खत्म कर दिया है। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया। अब 13 साल से कुछ माह कम उम्र होने पर भी बच्चों को 9वीं में प्रवेश मिल जाएगा। सरकार के निर्णय से प्रदेश के हजारों बच्चों को लाभ मिलेगा।आदेश के अनुसार यह नियमों में शिथिलता वर्ष 2024-25 के लिए है। दरअसल पहले आठवीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके 13 साल से कम उम्र के बच्चों को नौवीं कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था और न ही हाईस्कूल-हायर सेकंडरी परीक्षा के लिए उनके नामांकन कराए जा रहे थे। इससे छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश लेने में दिक्कत हो रही थी। अब सरकार के आदेश के बाद बच्चे नौवीं कक्षा में प्रवेश ले सकेंगे। प्रदेश में 12 जुलाई स्कूल में प्रवेश की अंतिम तारीख है। इसके चलते जिलों से आयु सीमा का बंधन खत्म करने की मांग उठ रही थी।

**यह आदेश जारी हुआ** स्कूल शिक्षा विभाग उप सचिव ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा एक में एडमिशन के लिए न्यूनतम उम्र 5 प्लस निर्धारित की है। यह आदेश केवल शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए न्यूनतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान की गई है।

### सीएम मोहन की पहली परीक्षा... अमरवाड़ा में आज वोटिंग

भोपाल। मध्यप्रदेश के अमरवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहली परीक्षा होने जा रही है। दस जुलाई को इस विधानसभा सीट पर मतदान होगा। 13 जुलाई को नतीजे आएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रभाव वाली इस सीट पर कांग्रेस पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में हैं। चुनाव प्रचार सोमवार शाम को थम चुका है। उम्मीदवारों का पूरा जोर घर-घर जाकर संपर्क करने पर है। पूर्व विधायक कमलेश शाह इस बार कांग्रेस के बजाय भाजपा के चुनाव चिह्न पर वोट मांग रहे हैं। कांग्रेस ने उनके सामने धीरेन शाह को उम्मीदवार बनाया है। 2023 के विधानसभा चुनावों में अमरवाड़ा समेत छिंदवाड़ा की सभी आठ सीटों पर कांग्रेस ने कमलनाथ के नेतृत्व में विजयी परचम फहराया था। लोकसभा चुनावों से पहले उनके समर्थक माने जाने वाले विधायक कमलेश शाह ने झटका दिया और भाजपा में शामिल हो गए। उनके इस्तीफे से यह सीट खाली हुई है। इस पर ही उपचुनाव कराया जा रहा है। सोमवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम गया है। बाहरी लोगों को विधानसभा क्षेत्र से बाहर करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

**खालिस्तानियों पर सरकार का बड़ा एक्शन**

## सिख्स फॉर जस्टिस पर लगा बैन 5 साल बढ़ाया गया




नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने खालिस्तानी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस पर लगाए गए प्रतिबंध को 5 और वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध पहली बार 2019 में लगाया गया था। भारत सरकार ने सिख्स फॉर जस्टिस को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संगठन घोषित किया हुआ है। सरकार ने सिख्स फॉर जस्टिस को देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा मानते हुए यह कदम उठाया था। सिख्स फॉर जस्टिस एक कट्टरपंथी खालिस्तानी संगठन है जो पंजाब में अलगाववादी आंदोलन को बढ़ावा देने की कोशिश करता रहा है।

सिख्स फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध जारी करने वाली गृह मंत्रालय की 2019 की अधिसूचना में कहा गया है कि सिखों के लिए तथाकथित जनमत संग्रह की आड़ में, एसएफजे वास्तव में पंजाब में अलगाववाद और उग्रवादी विचारधारा का समर्थन कर रहा है। वह विदेशी धरती पर सुरक्षित ठिकानों से काम कर रहा है और अन्य देशों में विरोधी ताकतों द्वारा सक्रिय रूप से समर्थित है। वर्तमान में, भारत में पन्नू और एसएफजे के खिलाफ लगभग एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

सिख्स फॉर जस्टिस एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के पंजाब राज्य में एक स्वतंत्र सिख राष्ट्र खालिस्तान की स्थापना करना है। यह संगठन 2007 में स्थापित हुआ था और इसका मुख्यालय अमेरिका में स्थित है। एसएफजे का दावा है कि वे सिखों के आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए काम कर रहे हैं और उन्होंने कई देशों में जनमत संग्रह (रेफरेंडम) आयोजित करने की कोशिश की है, ताकि खालिस्तान की मांग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन मिल सके। सिख्स फॉर जस्टिस की स्थापना 2007 में गुरपतवंत सिंह पन्नून ने की थी, जो अमेरिका में रहने वाला एक वकील है। भारत पन्नू को आतंकवादी मानता है।

भारत सरकार ने सिख्स फॉर जस्टिस को एक प्रतिबंधित संगठन घोषित कर रखा है, और इसके संस्थापक और प्रमुख नेताओं पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें देशद्रोह और आतंकवाद के आरोप शामिल हैं। सिख्स फॉर जस्टिस के अभियान और गतिविधियों को भारत में हिंसात्मक और राष्ट्रविरोधी माना गया है, और इसे भारतीय सुरक्षा और अखंडता के लिए खतरा समझा जाता है। भारत ने इसके नेताओं को आतंकवादी घोषित किया हुआ है।

## हाथरस कांड के बाद... अखाड़ा परिषद ने किया मंथन, भोले बाबा पर जैसों पर कसा जाएगा शिकंजा!

प्रयागराज। हाथरस कांड से सुर्खियों में छाए नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा समेत 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सभी 13 अखाड़ों के बीच इसकी सहमति बन चुकी है। कुंभ मेला प्रशासन के साथ 18 जुलाई को होने जा रही बैठक में अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। मेला अधिकारी को कहा जाएगा कि इन ढोंगी स्वयंभू बाबाओं को मेले में बसने में भूमि और सुविधाएं न दी जाएं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के मुताबिक भोली भाली जनता को भ्रमित कर अपने भक्तिजाल में फंसाने वाले तरह-तरह के रूपों वाले पाखंडी बाबाओं की सूची अखाड़ा परिषद ने तैयार कर ली है। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में अपनी दुकानें नहीं सजाने देंगे। इस बारे में सभी तेरह अखाड़ों के प्रतिनिधियों की सहमति बन चुकी है कि पाखंडी बाबाओं की सूची जारी की जाए। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में बसने के लिए भूमि और शिविर की सुविधाएं नहीं दी जाएं, इसकी मांग मेला प्रशासन के समक्ष रखेंगे। मेला प्रशासन कुंभ में बसने वाली धार्मिक संस्थाओं, महामंडलेश्वरों का सर्वे कराने में जुट गया है। संतों के आवेदन भी आने शुरू हो गए हैं। अगले महीने आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी खुल जाएगा। हाथरस कांड होने पर अखाड़ा परिषद भी धर्म के नाम पर पाखंड करने वाले बाबाओं के खिलाफ सक्रिय हो गया है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने बताया कि खुद को त्रिकालदर्शी, भगवान, परमब्रह्म और ईश्वरीय अवतार बताकर जनता को ठगने वाले बाबाओं को काली सूची में डाला जा रहा है। इनमें नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा, सेक्स सीडी कांड में फंसने के बाद दक्षिणी अमेरिका के इक्वाडोर में अलग देश बसाने का दावा करने वाले स्वामी नित्यानंद, बाबा राम रहीम समेत 20 से अधिक बाबा शामिल हैं। प्रयागराज में कुंभ की तैयारियां तेज

प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसे लेकर बैठकों का दौर जारी है। बैठक में प्रयागराज शहर में रोड सौंदर्यीकरण, लाइटिंग, वॉल पेंटिंग्स आदि परियोजनाओं पर चर्चा की गई। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि सभी कार्यों को एक ही थीम में कराया जाए। रोड सौंदर्यीकरण के तहत शहर की प्रमुख सड़कों को नया रूप दिया जाएगा और पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। फुटपाथों का निर्माण होगा और सड़क किनारे सुंदर लाइटिंग होगी। जगह-जगह नए साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे।

## डेढ़ फीट पानी के बीच 60-60 लीटर की 8 कैन में रखा था पांच सौ लीटर पेट्रोल

# पानी की टंकी में मिले भाइयों के शव

### दम घुटने से मौत की आशंका

**सिटी चीफ भोपाल।**
सीहोर जिले के इछावर थाना क्षेत्र के बोरदी कलां में मंगलवार सुबह दो सगे भाइयों के शव मिले हैं। घर के अंदर पानी की टंकी में शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस टैंक से 8 कैन में रखा करीब पांच सौ लीटर पेट्रोल भी बरामद किया है। आशंका है कि पेट्रोल से बनी गैस की वजह से दोनों का दम घुट गया। पुलिस ने बताया कि बोरदीकलां गांव में जयसवाल परिवार सीमेंट की दुकान चलाता है। परिवार में चार भाई- पंकज, नरेंद्र, राहुल और गोलू जयसवाल एक साथ रहते हैं। मंगलवार सुबह पंकज और नरेंद्र उठे थे तो राहुल और गोलू गायब थे। फोन लगाए तो रिंग घर में ही बजी। इसके बाद दोनों भाइयों की तलाश शुरू की गई। सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर राहुल और गोलू देर रात करीब 3 बजे घर में ही बने पानी के टैंक में घुसते दिखे, लेकिन बाहर नहीं आए। पंकज और नरेंद्र तुरंत टैंक के पास गए। झांका तो राहुल (28) और गोलू (25) की लाशें दिखीं। मामले की जांच के लिए राजस्व विभाग की एक टीम भी मौके पर पहुंची है।


गोलू जयसवाल


राहुल जयसवाल



**रात में घुसे होंगे स्टॉक निकालने के लिए**
परिजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा इंतजाम के साथ टैंक में उतरी। यहां डेढ़ फीट पानी के बीच 60-60 लीटर की 8 कैन में रखा करीब पांच सौ लीटर पेट्रोल मिला। इछावर थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया, आशंका है कि दोनों भाई अवैध रूप से पेट्रोल की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। रात में स्टॉक निकालने के लिए वे टैंक में घुसे होंगे, लेकिन पेट्रोल से बनी गैस की वजह से उनका दम घुट गया। उन्होंने कहा- एफएसएल टीम ने भी मौके की जांच की है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो पाएगी।

## दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सक्रिय रहने से कई जिलों में जारी है बारिश

# कल से प्रदेशभर में झमाझम बारिश का चलेगा दौर

**सिटी चीफ भोपाल।**
दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सक्रिय रहने की वजह से मध्यप्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश का दौर चल रहा है। आज भी कई स्थानों पर बारिश की चेतावनी जारी की गई है। 11 जुलाई से कई जिलों में मूसलाधार बारिस की संभावना जताई गई है।
मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिकों के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वजह से चौबीस घंटे के दौरान प्रदेश के बैतूल, भोपाल, उज्जैन, खजुराहो, मंडला और उमरिया सहित अनेक स्थानों पर बारिश हुई। इस बीच कुछ जगहों पर तेज बारिश हुई तो वहीं कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। राजधानी भोपाल में कल धूप छांव के बीच दिन भर हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके चलते उमस से राहत रही। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बैतूल में सर्वाधिक 42.6 मिलीमीटर (मिमी) वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं, मंडला में 35.8 मिमी, छतरपुर जिले के खजुराहो में 29.4 मिमी, उज्जैन में 15.6 मिमी, उमरिया में 14.8 मिमी और भोपाल में 9.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी हल्की से मध्यम बारिश हुई।



**और सक्रिय होगा मानसून**
मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और पश्चिम मध्यप्रदेश के अनेक स्थानों पर तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि दक्षिण पश्चिम मॉनसून और सक्रिय होगा और 11 जुलाई से प्रदेश के अनेक स्थानों पर तेज बारिश के आसार हैं। राजधानी भोपाल और इसके आसपास के क्षेत्र में कल दिन भर रुक-रुक कर हुई बारिश के बाद मंगलवार को सुबह मौसम साफ रहा और धूप खिल गई, लेकिन इसके बाद आसमान में बादल छा गए। अगले 24 घंटे के दौरान यहां हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## अंधविश्वास का शिकार हुई युवती

# परिवार का दुख दूर करने बाबा ने गांव से बाहर बुलाकर किया दुष्कर्म

**सिटी चीफ भोपाल।**
सीहोर जिले में एक युवती ढोंगी बाबा के अंधविश्वास के जाल में फंस गई। बाबा ने परिवार का दुख दूर करने का झांसा देकर युवती को गांव से बाहर बुलाया। इसके बाद भभूत के बहाने नशीला पदार्थ खिलाकर युवती को बेहोश किया। फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पूरा मामला भैरुंदा थाने के गांव सोनखेड़ी का है। ढोंगी बाबा गांव छोडकर उत्तर प्रदेश भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।
भेरुंदा पुलिस के अनुसार सात जुलाई को 24 वर्षीय युवती ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता को एक माह पूर्व करंट लग गया था। घर में कई अन्य समस्या चल रही थी। चार दिन पहले पिता की जान-पहचान के बाबा मंगल मेहरा बाबा पिता हजारीलाल मेहरा (60 वर्ष) निवासी ग्राम सोनखेड़ी युवती के पिता को देखने घर आए थे। बाबा ने पिता को देखकर बोला कि मैं बैठक कर दूंगा तो अच्छे हो जाएंगे। छह जुलाई को युवती मंगल बाबा के घर ग्राम सोनखेड़ी गई थी। वहां बाबा ने सामग्री की सूची बनाकर दी थी।। सात जुलाई की सुबह युवती पूजा का सामान खरीदकर छोटे भाई के साथ पूजा कराने बाबा के घर गई थी। बाबा ने अपने घर पर कुछ देर पूजा करने के बाद कहा कि यहां तो पूजा खंडित हो गई है। हम गांव के बाहर कांकड़ पर चलते हैं। युवती अपने भाई के साथ अतरालिया रोड पर स्थित बड़ी पुलिया के पास कांकड़ पर पहुंच गई। वहां मंगल बाबा भी पहुंच गया था।

**युवती के भाई को सड़क पर खड़ा करवा दिया**
कांकड़ पर पूजा करने से पहले मंगल बाबा ने युवती के भाई से कहा कि तुम सड़क पर जाकर खड़े हो जाओ। कोई आए तो आवाज लगा देना, वरना पूजा खंडित हो जाएगी। दो घंटे बाद यहां आ जाना। युवती का छोटा भाई वहां से चला गया। बाबा ने पूजा की सामग्री बिछाकर पूजा शुरू कर दी। पीड़िता से कहा कि ओर दो-तीन लोग आने वाले हैं। उनकी भी पूजा सामग्री रखी है। तुम्हारी पूजा के दो दिन बाद उनकी पूजा भी करनी है। कुछ देर पूजा करने के बाद बाबा ने युवती को भभूत दी। थोड़ा-सा जल दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गई। करीब दो घंटे बाद दोपहर दो बजे वहां युवती का भाई आया तो वहां देखा कि बाबा बहन के साथ दुष्कर्म कर रहा है। भाई को देख बाबा वहां से भाग गया। जैसे-तैसे भाई ने युवती को होश में लाया। दोनों ने थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## एम्स के डॉक्टरों ने सफल ऑपरेशन कर बचाई 13 साल की बच्ची की जिंदगी

# किशोरी के सिर से बाहर से हटाया फुटबॉल जैसा ट्यूमर

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। एम्स भोपाल के न्यूरोसर्जरी विभाग में अशोक नगर निवासी 13 वर्षीय बालिका के घातक ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह सर्जरी चार जुलाई को एम्स भोपाल में की गई थी। ट्यूमर सिर से बाहर निकल रहा था और फुटबॉल के आकार का था। बालिका आपात स्थिति में आई थी और वेंटिलेटर पर थी।
मस्तिष्क की एमआरआई से पता चला कि मस्तिष्क में एक बड़ा ट्यूमर था और यह सिर को नष्ट कर बाहर आ गया था। कुछ महीनों में यह फिर से एक विकराल आकार में बढ़ गया। डॉक्टर ने आठ घंटे तक ऑपरेशन के बाद बालिका की जान बचाई। सर्जरी डॉ. जितेंद्र और डॉ. अभिषेक की सहायता से डॉ. सुमित राज ने की।
डॉक्टरों ने बताया कि ट्यूमर अत्यधिक संवहनी था। खोपड़ी भी प्रभावित हो रही थी, जिसे हटा दिया गया। इस ऑपरेशन को सफल बनाने में एनेस्थीसिया टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें डॉ. आशुतोष और मिलिंद शामिल रहे। ऑपरेशन के अगले दिन मरीज होश में आ गया था। अब उसकी ठीक है।

**छात्र-छात्राओं ने किया एम्स का भ्रमण**
एम्स भोपाल में कक्षा 10 वीं और 11 वीं के छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण किया गया। छात्रों ने एनाटॉमी संग्रहालय देखा। इसके बाद मानव अंगों का अवलोकन किया। उन्होंने ट्रांसलेशनल मेडिसिन की विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया। ऐसे उपकरण दिखाए गए, जिनका उपयोग डॉक्टर विभिन्न रोगों के निदान के लिए उपयोग करते हैं। रक्त से डीएनए निकालने की प्रक्रिया, होमोजेनाइजर, जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस उपकरण, यूवी ट्रांसिल्यूमिनेटर और पीसीआर मशीन सहित कई मशीनों का संचालन दिखाया गया।

## आवारा कुत्तों के सबसे ज्यादा 1024 हैं शिकायतें

# सीवेज के खुले गड्ढों से परेशान हो रहे रहवासी, 69 शिकायतें पेंडिंग

**सिटी चीफ भोपाल।**
राजधानी भोपाल में बारिश शुरू होते ही अव्यवस्थाओं का आलम फैल जाता है। इस वर्ष भी लगातार हो रही बारिश से यहां के रहवासियों की परेशानी बढ़ी हुई है। जगह-जगह सीवेज के गड्ढे खुले हुए हैं जिसकी नगर निगम हेल्पलाइन में 69 शिकायतें पेंडिंग हैं। मंगलवार को भोपाल की महापौर मालती राय हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करने पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने विभाग के जिम्मेदारों के साथ शिकायत करने वालों को भी कॉल कर मौजूदा स्थिति के बारे में जाना।
राजधानी भोपाल में आवारा कुत्तों के शिकार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। महापौर हेल्पलाइन में भी इनकी शिकायतें की जा रही हैं। यही कारण है कि इन शिकायतों संख्या भी बढ़कर 1024 हो गई है, जो अन्य शिकायतों की तुलना में सबसे ज्यादा है। इसके बाद सीवेज, स्मार्ट लाइट की समस्याएं शामिल हैं। डॉग्स की शिकायतों को लेकर महापौर ने कहा, आवारा कुत्तों को पकड़ते हैं। उन्हें शेल्टर होम में रखा जाता है, लेकिन शेल्टर होम की क्षमता कम है। दूसरी ओर, लोगों के मन में डर बैठा है कि डॉग हमारी कॉलोनी में घूम रहे हैं और काट लेंगे। इसलिए शिकायतें बढ़ती हैं।

**शिकायतकर्ता बोला सीवेज की है परेशानी**
अतिक्रमण की 44 शिकायतें हैं। ये कब तक क्लियर होगी? एक शिकायतकर्ता ने महापौर को बताया कि सीवेज की काफी समस्या है। गंदा पानी सड़क पर आ जाता है। महापौर ने अफसर को समस्या दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने उद्यान, सिविल, गोवर्धन परियोजना, अतिक्रमण, सफाई, स्ट्रीट लाइट, सीवेज, स्ट्रीट डॉग्स प्रभारी को भी कॉल किया। सीवेज और स्ट्रीट डॉग के अलावा सफाई की 114, स्मार्ट लाइट की 191, स्ट्रीट लाइट की 301, अतिक्रमण 44 शिकायतें भी आईं।

**महापौर ने कहा हेल्पलाइन में करें शिकायत**
महापौर मालती राय ने कहा की भोपाल शहर वासियों की हर परेशानी को दूर करने की पूरी कोशिश की जा रही है।

## 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी, शादियों पर लगेगा विराम

# दो माह बाद शुरू हुए विवाह, 9 दिन रहेंगे मुहूर्त

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। दो माह के इंतजार के बाद विवाह शुरू हो गए। यह विवाह मुहूर्त भी सिर्फ नौ दिन ही रहेंगे। इसके बाद 17 जुलाई से देवशयनी एकादशी से चातुर्मास लग जाएगा। चार माह के लिए विवाहों पर विराम लग जाएगा। इसके बाद विवाह देवउठनी एकादशी के बाद नवंबर में ही शुरू होंगे। शहर में 1500 से अधिक जोड़ों के विवाह होंगे। इधर सहालग की खरीदी के लिए बाजारों में रौनक देखी जा रही है।
15 जुलाई को भड़ली नवमी का अबूझ मुहूर्त 85 प्रतिशत से अधिक मैरिज गार्डन-होटल, कैटरिंग बुक हो चुके हैं। पंडित विनोद गौतम ने बताया कि इस बार जुलाई माह में विवाह के लिए सबसे खास मुहूर्त नौ, 11, 15 और 16 जुलाई के हैं। इसमें 15 जुलाई को भड़ली नवमी का अबूझ मुहूर्त भी शामिल है। जून दो माह तक गुरु व शुक्र के अस्त रहने की वजह से विवाह मुहूर्त नहीं थे। गुरु ग्रह तीन जून और शुक्र ग्रह 28 जून को उदय हो चुका है।



**चातुर्मास में 12 नवंबर तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य**
इस बार अधिक मास नहीं होने के कारण चातुर्मास के बाद आने वाले सभी त्योहार 11 दिन पहले आएंगे। इस बार 17 जुलाई से चातुर्मास शुरू होगा और 12 नवंबर तक रहेगा। इस बार पूरे 118 दिनों तक चातुर्मास रहेगा। इस दौरान शुभ विवाह मांगलिक कार्य निषिद्ध हैं।

**चातुर्मास में कई प्रमुख त्योहार**
चातुर्मास में कई प्रमुख त्योहार पड़ते हैं। इनमें देवशयनी एकादशी 17 जुलाई, गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई, हरियाली अमावस्या चार अगस्त, नागपंचमी नौ अगस्त, रक्षाबंधन 19 अगस्त, जन्माष्टमी 26 अगस्त, हरतालिका तीज 6 सितंबर, पार्थिव गणेश स्थापना सात सितंबर, ऋषि पंचमी आठ सितंबर, जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस) 14 सितंबर, श्राद्ध पक्ष आरंभ 18 सितंबर, सर्व पितृ अमावस्या दो अक्टूबर, नवरात्र प्रारंभ तीन अक्टूबर, विजया दशमी 12 अक्टूबर, शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर, करवा चौथ 20 अक्टूबर, धनतेरस 30 अक्टूबर, दीपावली एक नवंबर, भाई दूज तीन नवंबर, प्रबोधिनी एकादशी (देवोत्थापन) 12 नवंबर को मनाई जाएगी।

**ये हैं विवाह मुहूर्त**
जुलाई में 8 से 16 तक, वहीं नवंबर में 16 से 18, 22 से 26, 28 (9 दिन)।
इसके बाद दिसंबर-2 से 5, 9 से 11 13 से 15 (10 दिन) तक विवाह मुहूर्त हैं।

## सम्पादकीय

# कूटनीतिक जीत...रूसी सेना में भर्ती भारतीय होंगे रिहा

**रूस यात्रा के पहले दिन पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक की। इस दौरान मोदी ने पुतिन के सामने रूस की सेना में भारतीयों के फंसे होने का मुद्दा उठाया। इस मामले में तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए रूस ने अपनी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को सेना से अलग करने का निर्णय ले लिया है जिसे भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम मॉस्को पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पीएम रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मास्को पहुंचे। अपनी यात्रा के पहले दिन पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पुतिन के सामने रूस की सेना में भारतीयों के फंसे होने का मुद्दा उठाया। इस मामले में तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए रूस ने अपनी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को सेना से अलग करने का निर्णय ले लिया है जिसे भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें भारतीयों को अच्छी नौकरी या पढ़ाई का झांसा देकर रूस भेज दिया गया था और वे यूक्रेन के खिलाफ लड़ने लगे। युद्ध में अब तक कम से कम चार भारतीय नागरिक मारे जा चुके हैं। यही कारण है कि भारत सरकार ने ऐसी भर्ती पर तत्काल रोक लगाने और रूसी सेना में लड़ रहे भारतीयों की शीघ्र रिहाई का मुद्दा रूस के सामने उठाया।

इसी साल मई में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने धोखा देकर रूसी सेना में भर्ती कराने वाले मानव तस्करी नेटवर्क से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने कहा था कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग युवाओं को आकर्षक नौकरी या विश्वविद्यालय में प्रवेश दिलाने का वादा करके रूस ले जाते थे, ताकि उन्हें यूक्रेन में युद्ध में लड़ने के लिए मजबूर किया जा सके। सीबीआई ने मार्च में बताया था कि इस तरीके से लगभग 35 पुरुषों को ठगा गया। मई में गिरफ्तार किए गए चार भारतीय नागरिकों में एक अनुवादक, वीजा प्रक्रिया और एयरलाइन टिकटों की बुकिंग में मदद करने वाले एक व्यक्ति के साथ-साथ केरल और तमिलनाडु के लिए दो मुख्य भर्तीकर्ता शामिल थे। युद्ध में मारे गए दो भारतीय व्यक्तियों के परिवारों ने कहा है कि वे सेना में सहायक के रूप में काम करने की उम्मीद से रूस गए थे। भारत के अलावा अन्य दक्षिण एशियाई देशों में भी ऐसे तस्करी नेटवर्कों का खुलासा हुआ है। श्रीलंका ने भी बुधवार को कहा कि उसके कई सेवानिवृत्त सैनिकों को रूस-यूक्रेन युद्ध मोर्चे पर सेना में सेवा करने के लिए अच्छा वेतन, नागरिकता और अन्य फायदे देने का वादा करके लाया गया था, जिनमें से कुछ भी उन्हें नहीं दिया गया। वहीं, नेपाल ने कहा है कि कई युवा बेरोजगार नेपालियों को एजेंटों द्वारा अवैध रूप से रूसी सेना में भर्ती किया गया है, जिन्होंने उनसे वीजा के लिए भारी रकम वसूली थी। यही कारण है कि जनवरी में इसने रूस और यूक्रेन के लिए वर्क परमिट जारी करना रोक दिया था। अधिकारियों ने बताया कि अनुमान है कि कम से कम 200 नेपाली रूसी सेना में कार्यरत हैं और लगभग 100 लापता हैं। भारत ने कई कूटनीतिक प्रयास शुरू किए थे, लेकिन रूस की ओर से औपचारिक आश्वासन मिलना अभी बाकी था। प्रधानमंत्री मोदी की मॉस्को यात्रा में भारतीय नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक था। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कहा था कि प्रत्येक मामले को रूस के साथ पूरी ताकत से उठाया गया है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने शुक्रवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि भारत का अनुमान है कि उसके 30 से 40 नागरिक पहले से ही वहां सेवा दे रहे हैं। भारतीय नागरिकों की यथाशीघ्र वापसी के लिए सभी प्रयास किए गए हैं। 10 भारतीयों को पहले ही वापस लाया जा चुका है।

दो दिवसीय रूस यात्रा पर मॉस्को पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार शाम राष्ट्रपति पुतिन के साथ निजी रात्रिभोज में यह मुद्दा उठाया। इस पर रूसी राष्ट्रपति अपनी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को सेना से अलग करने और उनकी भारत वापसी में मदद करने पर सहमत हो गए। नई दिल्ली में स्थित एक स्वतंत्र वैश्विक थिंक टैंक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) में छपे एक लेख में बताया गया था कि दोनों नेताओं के बातचीत के एजेंडे में भारतीय सैनिकों का विषय भी होगा। ओआरएफ में विजिटिंग फेलो इवान शेदरोव के मुताबिक, युद्ध में भारतीय नागरिकों की भागीदारी की समस्या को पिछले दिनों भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रेखांकित किया था। इस तरह से सैनिकों समेत अनेक मुद्दों को हल करके दोनों देश लंबे समय के सहयोग के लिए इरादे का प्रदर्शन करते हैं।

# राजनीतिक अनदेखी से बाहर निकलेंगी वसुंधरा राजे

रविवार का दिन था। मानसून की हल्की फुहारों के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास से बमुश्किल 500-600 मीटर दूर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के आवास पहुंचे। दोनों के बीच पूरा एक घंटा गहन मंत्रणा हुई। क्या बातचीत हुई? यह तो किसी को पता नहीं। इस मुलाकात को लेकर न वसुंधरा राजे और न ही भजनलाल शर्मा की ओर से सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट आई। न मुलाकात का फोटो या वीडियो जारी हुआ। क्या मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कदम को भाजपा की ओर से वसुंधरा राजे को मनाने का संकेत माना जाना चाहिए। ऐसा हो सकता है। यह जरूर कहा जा सकता है कि वसुंधरा राजे की राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर सक्रियता बढ़ने वाली है। पिछले साल दिसंबर में जब राजस्थान विधानसभा चुनाव के नतीजे आए तो भारतीय जनता पार्टी बहुमत के साथ सत्ता में लौटी। उस समय मुख्यमंत्री को लेकर कई नाम हवा में तैर रहे थे। इनमें एक नाम वसुंधरा राजे का भी था। सबसे अधिक हलचल उनके सिविल लाइंस स्थित बंगले पर थी। 80 से यादा चुनकर आए विधायक वसुंधरा राजे से मिलने पहुंचे थे। वसुंधरा राजे का आत्मविश्वास भी साफ झलक रहा था। भाजपा हाईकमान को राजस्थान में निर्णय लेने में अधिक समय भी लगा। सबसे अंत में राजस्थान में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हुआ।

वो 12 दिसंबर 2023 की तारीख थी। उस दिन जयपुर में सर्द हवाओं के बीच भाजपा प्रदेश कार्यालय में सियासी पारा चढ़ा हुआ था। पार्टी नेतृत्व की ओर से केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जयपुर आए थे। शाम के समय मुख्यमंत्री के नाम का एलान होना था। झालावाड़ से विधायक वसुंधरा राजे भी बैठक में मौजूद थीं। मंच पर राजनाथ सिंह के साथ बैठी थीं। मुख्यमंत्री के नाम की पर्ची वसुंधरा राजे ने ही खोली थी, जिसमें सांगानेर से पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा का नाम था। उस समय वसुंधरा राजे की बॉडी लैंग्वेज को लेकर बहुत कुछ कहा गया। वसुंधरा राजे वर्ष 2003 से 2008 और वर्ष 2013 से 2018 तक राजस्थान की मुख्यमंत्री रही हैं। वर्ष 2014 में उनके मुख्यमंत्री रहते पार्टी ने राजस्थान की 25 की 25 सीटें जीती थीं। वर्ष 2018 में वसुंधरा राजे के नेतृत्व में पार्टी जरूर राजस्थान में विधानसभा चुनाव हार गई थी, लेकिन उसका प्रदर्शन बहुत खराब नहीं रहा था। हालांकि, वर्ष 2019 में एक बार फिर पार्टी ने राय की सभी 25 सीटें जीत ली थीं। निश्चित रूप से दोनों बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई चेहरा था। हालांकि, कुछ श्रेय वसुंधरा राजे को भी मिला। फिर धीरे से वसुंधरा राजे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर राजस्थान की राजनीति से दूर करने की कवायद शुरू हुई। वसुंधरा राजे ने भी पार्टी में सक्रियता को लेकर अपना दायरा सीमित कर लिया।

# भारतीय शास्त्रीय संगीत की रानी बेगम परवीन सुल्ताना

**10 जुलाई बेगम परवीन सुल्ताना का जन्मदिन है। 10 जुलाई 1950 में असम के नागांव शहर के ढाकापट्टी में जन्मी परवीन सुल्ताना की प्रतिभा को माता-पिता ने बचपन में ही पहचान लिया था। मां ने जोर दिया तो संगीत के जानकार पिता इकरामुल माजिद बेटी के पहले गुरु बने और नन्ही परवीन को उन्होंने रियाज से जोड़ दिया।**



प्रकृति से मिली प्रतिभा और इस हुनर को मिले रियाज के साथ ने ऐसा करिश्मा रचा है जिसे हम बेगम परवीन सुल्ताना कहते हैं। उन्हें सुनना हमेशा इबादत में शामिल होने जैसा होता है। आवाज ऐसी कि नीम अंधेरे में रोशन चिराग हो जैसे। उनकी गायकी एक ऐसी शक्ति है जो उंगली पकड़ कर हमें तमाम झंझावातों से अलग सुकून की डगर पर ले जाती है। भीतर गहरे उतरते स्वर का गुरुत्व हमें ऐसी लघुता देता है कि हम स्वत- ही सत्व की ओर अग्रसर होते जाते हैं। फिर चाहे उन्हें सामने बैठ कर सुना जाए या रिकार्ड पर। फिर चाहें वे कोई भी राग, किसी भी घराने की विशिष्टता के साथ प्रस्तुत करें, श्रोता उनकी गायकी को सुकूनबख्श ही पाते हैं। उन्हीं के शब्दों में कहें तो गायन के वक्त उनके ख्याल में एक श्वेत केनवास होता है और वे अपने गायन के जरिये उस पर रागों का रंग भरती हैं। रागों को बांधती नहीं है, खुला छोड़ देती हैं क्योंकि रागों को बांधना उन्हें चिड़िया को कैद करने की तरह लगता है।

चाहे किसी को शास्त्रीय संगीत की जानकारी भले न हो लेकिन ज्यों ही फिल्म कुदरत के गाने हमें तुमसे प्यार कितना... का जिक्र किया जाए तो वह बेगम परवीन सुल्ताना को याद कर लेता है। वे ऐसी विलक्षण गायिका हैं जिन्हें 1976 में महज 26 वर्ष की उम्र में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इतनी कम उम्र में पद्म पुरस्कार पाना अपने आप में एक कीर्तिमान है। उन्हें 1999 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और 2014 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। अन्य सम्मानों की सूची लंबी है। 10 जुलाई उन्हीं बेगम परवीन सुल्ताना का जन्मदिन है। 10 जुलाई 1950 में असम के नागांव शहर के ढाकापट्टी में जन्मी परवीन सुल्ताना की प्रतिभा को माता-पिता ने बचपन में ही पहचान लिया था। मां ने जोर दिया तो संगीत के जानकार पिता इकरामुल माजिद बेटी के पहले गुरु बने और नन्ही परवीन को उन्होंने रियाज से जोड़ दिया। परवीन सुल्ताना की ललक को देखते हुए पिता उन्हें पंडित चिन्मय लाहिड़ी से संगीत की शिक्षा दिलवाने के लिए कोलकाता ले आए। गुरु पं. चिन्मय लाहिड़ी को विभिन्न घरानों में गायिकी की महारत हासिल थी। जब गुरु अस्वस्थ रहने लगे तो उन्होंने किराना घराने के उस्ताद दिलशाद खान से परिचय करवाया और परवीन उनकी शिष्या बन गईं। बाद में परवीन सुल्ताना की शादी इन्हीं उस्ताद दिलशाद खान से हुई।

यह तथ्य दिलचस्प है कि बेगम परवीन सुल्ताना पटियाला घराने की गायिका है मगर उनके उस्ताद और पति दिलशाद खान किराना घराने के गायक हैं। भोपाल में हुई मुलाकात में बेगम परवीन सुल्ताना कहती हैं कि यही तो संगीत की खूबसूरती है जहां गुरु ने अपनी शिष्या पर किसी खास घराने को अपनाने का दबाव नहीं बनाया और शिष्या ने भी गुरु की सीखों को अपनी गायिकी में नीर-क्षीर की तरह शामिल कर लिया।

देश और दुनिया में अनगिनत शास्त्रीय संगीत की महफिलों को रोशन कर चुकीं बेगम परवीन सुल्ताना ने फिल्मों में कम ही गाया है लेकिन जितना गाया है वह बेमिसाल है। जैसे फिल्म पाकीजा का गीत कौन गली गयो श्याम हो या फिल्म कुदरत का गाना हमें तुमसे प्यार कितना।

पाकीजा फिल्म अपने बनने के दौरान ही कई तरह से चर्चा में आ गई थी। इस फिल्म में बेगम परवीन सुल्ताना के गाने का भी अपना एक इतिहास है। एक साक्षात्कार में बेगम परवीन सुल्तान ने बताया था कि उस वक्त वे सिर्फ 15 वर्ष की थीं। प्रख्यात संगीतकार नौशाद एक संगीत कार्यक्रम में शामिल हुए थे जहां बेगम परवीन सुल्तान ने अपने गायन की प्रस्तुति दी थी। उसके बाद नौशाद ने उनसे पूछा था कि क्या वे उनके लिए गाएंगी। बेगम परवीन सुल्ताना ने हां कह दी और इस तरह उनका हिंदी फिल्म जगत में आगमन हो गया। वे बताती हैं कि उस वक्त वे बहुत छोटी थीं और उन्हें पता ही नहीं था कि वे किन बड़े लोगों के लिए गा रही हैं। अब जब याद करती हैं तो अहसास होता है कि उन्होंने कि महान हस्तियों के साथ काम किया है।

फिल्म कुदरत के ख्यात गीत हमें तुमसे प्यार कितना को मेल वाइस में किशोर कुमार तथा फीमेल वाइस में बेगम परवीन सुल्ताना ने गाया है। संदर्भ बताते हैं कि पंचम दा यानी आरडी बर्मन ने बेगम परवीन सुल्ताना को केवल शुरुआती संगीत रचना बताई थी। उन्हें गाने में प्रयोग की छूट दे दी थी। इस गाने का बेगम परवीन सुल्ताना ने अपनी तरह गाया था। किशोर कुमार ने परवीन सुल्ताना का गाना रिकार्ड होने के बाद अपना गाना रिकार्ड करवाया था। दोनों स्वरों में इस गीत के प्रशंसकों का बड़ा वर्ग है मगर पुरस्कार की बात करें तो इस गाने के लिए बेगम परवीन सुल्ताना को 1981 में बेस्ट महिला पार्श्वगायिका का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। फिर सुपर हिट फिल्म गदर में गाई ठुमरी आन मिलो सजना भी बेहद पसंद की गई है। फिल्मी गीतों की जगह बेगम परवीन सुल्ताना ने हमेशा शास्त्रीय संगीत को तवज्जो दी है। वे मानती हैं कि शास्त्रीय संगीत और इसकी साधना वास्तव में ईश्वर की आराधना है। इंस्टेंट सफलता के इस दौर में बेगम परवीन सुल्ताना संगीत साधकों की उस पीढ़ी की प्रतिनिधि हैं जो रियाज को अनिवार्य मानते हैं। वे कहती हैं कि संगीत साधकों के लिए अभ्यास अनिवार्य दिनचर्या की तरह है। जैसे अपने दांत ब्रश करना। एक दिन भी रियाज न करने का अर्थ है गायिकी में कई दिन पीछे हो जाना। उन्होंने एक दिन में सात-आठ घंटों तक अभ्यास किया है। अब उम्र की बाध्यता के चलते वे इतना अभ्यास नहीं कर पाती लेकिन शायद ही कोई दिन गुजरता होगा जब वे सुरों की साधना नहीं करती हैं। बेगम परवीन सुल्ताना का गायन उनकी जन्मजात प्रतिभा और सतत रियाज का परिणाम है। इसीलिए उन्हें सुनना हमें अलौकिक लगता है।

बता दें कि परवीन सुल्ताना को 1972 में क्लियोपेट्रा ऑफ म्यूजिक, 1980 में गंधर्व कला नीधि, 1986 में मियां तानसेन पुरस्कार तथा 1999 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के साथ ही अनेकों पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। गीत को अपनी अन्तरात्मा मानने वाली शास्त्रीय गायिका परवीन सुल्ताना की जन्म-भूमि असम और कर्म-भूमि मुंबई रही है। इनका संबंध पटियाला घराने से है। असमिया पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली परवीन सुल्ताना ने पटियाला घराने की गायकी में अपना अलग मुकाम बनाया है।

परवीन सुल्ताना का जन्म 10 जुलाई, 1950 को नोगोंग ग्राम, असम में हुआ था। इनके पिता का नाम इकरामुल माजिद तथा माता का नाम मारूफा माजिद था। परवीन सुल्ताना ने सबसे पहले संगीत अपने दादा मोहम्मद नजीफ खां साहब तथा पिता इकरामुल से सीखना शुरू किया। पिता और दादाजी की छत्रछाया ने उनकी प्रतिभा को विकसित कर उन्हें 12 वर्ष कि अल्पायु में ही अपनी प्रथम प्रस्तुति देने के लिये परिपक्व बना दिया था। इसके बाद परवीन सुल्ताना कोलकाता (भूतपूर्व कलकत्ता) में स्वर्गीय पंडित चिनमोय लाहिरी के पास संगीत सीखने गयीं तथा 1973 से वे पटियाला घराने के उस्ताद दिलशाद खां साहब की शागिर्द बन गयीं।

दो वर्ष बाद ही परवीन सुल्ताना ने दिलशाद खां से विवाह कियां। इनकी एक पुत्री भी है। परवीन सुल्ताना उन चुनिन्दा शास्त्रीय गायिकाओं में से एक हैं, जिन्हें ईश्वर ने एक ऐसी अनोखी और खूबसूरत आवाज से नवाजा, जिसका कोई सानी नहीं था। उनकी लगन और तालीम ने उन्हें खूबसूरत आवाज और एक गरिमामय व्यक्तित्व का धनी बनाया था, इसीलिए उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत की रानी कहा जाता है।

उस्ताद दिलशाद खां साहब की तालीम ने उनकी प्रतिभा की नींव को और भी सुदृढ़ किया, उनकी गायकी को नयी दिशा दी, जिससे उन्हें रागों और शास्त्रीय संगीत के अन्य तथ्यों में विशारद प्राप्त हुआ। जीवन में एक गुरु का स्थान क्या है, यह वे भलि-भांति जानती थीं। अपने एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि जितना महत्त्वपूर्ण एक अच्छा गुरु मिलना होता है, उतना ही महत्त्वपूर्ण होता है गुरु के बताए मार्ग पर चलना। संभवत- इसी कारण वे कठिन से कठिन रागों को सहजता से गा लेती हैं। उनका एक धीमे आलाप से तीव्र तानों और बोल तानों पर जाना, उनके असीम आत्मविश्वास को झलकाता है, जिससे उस राग का अर्क, उसका भाव उभर कर आता है। चाहे खयाल हो, ठुमरी हो या कोई भजन, वे उसे उसके शुद्ध रूप में प्रस्तुत कर सबका मन मोह लेती हैं।

परवीन सुल्ताना को उपशास्त्रीय संगीत में दक्षता प्राप्त है। टप्पा एक विधा है, जिसे गाना सभी के वश की बात नहीं होती। इसकी वजह यह है कि इसमें आवाज और स्वरों को घुमाते हुए एक विशेष तरीके से बहुत संतुलित क्रम और सधे हुए स्वरों में गाया जाता है। इस एहतियात के साथ कि जटिल स्वर-संरचना के बाद भी स्वर बिखरें नहीं। परवीन सुल्ताना को टप्पे में भी महारथ हासिल थी। उनकी तानें झरने की तरह बहती तो अलाप उतने ही गंभीर और गहरे होते, जैसे किसी गहरे कूप में से ऊपर को उठती ध्वनियां। जितनी मिठास तार सप्तक में उतनी ही बुलंदी मंद्र सप्तक के स्वरों में, ये विविधता निस्संदेह एक कठिन साधना है। कठिन से कठिन तानें वो इतनी आसानी से लेती कि श्रोता आश्चर्य चकित रह जाते थे।

# पेरिस ओलंपिक से पहले फ्रांस के चुनाव नतीजों ने पैदा किया गतिरोध, असल चुनौतियां अब

सोमवार की सुबह फ्रांस दक्षिणपंथियों के प्रभुत्व वाले देश के रूप में नहीं, बल्कि इटली की तरह एक ऐसे देश के रूप में जगा, जहां मुश्किल जोड़-तोड़?के जरिये ही सही, आखिरकार एक व्यावहारिक गठबंधन सरकार बन सकती है। फ्रांस ने संसदीय चुनाव में मरीन ली पेन की प्रवासन-विरोधी पार्टी नेशनल रैली को नकार दिया है, जो राष्ट्रवादी कारनामों के प्रति उनके गहरे प्रतिरोध का एक और प्रदर्शन था। फ्रांस की जनता ने अपनी पहली पसंद के रूप में फिर से उठ खड़े हुए वामपंथ को चुना जरूर है, लेकिन वह भी सरकार बनाने से काफी दूर है। इन स्थितियों ने मैक्रों को मजबूर कर दिया है कि वे सर्वशक्तिमान राष्ट्रपति के बजाय संसद की भी सुनें। पेरिस ओलंपिक का बिगुल बजने में अब तीन हफ्ते से भी कम समय बचा है। अगस्त में समुद्र तटों या पहाड़ों पर जाना फ्रेंच जीवन-शैली की पहचान है। ऐसे में, यही लगता है कि सरकार के गठन की बातचीत शरद ऋतु तक खिंच सकती है, जब फ्रांस को बजट पारित करने के लिए सरकार की जरूरत होगी।

फिलहाल फ्रांस में चुनाव के नतीजों ने एक गतिरोध तो पैदा कर ही दिया है। एक उभरता हुआ और विवादास्पद वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट नेशनल असेंबली में 180 सीटें जीतकर पहले स्थान पर है। उसने तुरंत ही मांग की कि राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को उसे सरकार बनाने के लिए बुलाना चाहिए। साथ ही उसने यह भी कहा है कि वह अगले हफ्ते अपने पसंदीदा प्रधानमंत्री का नाम सामने रखेगा। संविधान के अनुसार, मैक्रों ही प्रधानमंत्री का चुनाव करेंगे। 577 सदस्यीय नेशनल असेंबली में न्यू पॉपुलर फ्रंट को बहुमत से करीब 100 सीटें कम हैं। उसकी जीत के पीछे सिर्फ वामपंथी गठबंधन नहीं था, बल्कि दूसरे चरण के मतदान में मध्यमार्गियों और वामपंथियों द्वारा नेशनल रैली के खिलाफ %रिपब्लिकन मोर्चा% बनाने के निर्णय का असर भी दिखा था। इसके बावजूद, जुझारू वामपंथी नेता जीन-ल्यूक मेलेनचॉन ने कहा है कि वह संभावित गठबंधन सहयोगियों से बातचीत नहीं करेंगे, न ही वामपंथी कार्यक्रम में जरा भी बदलाव करेंगे। फ्रांस में राष्ट्रपति शासन प्रणाली के कारण गठबंधन बनाने संबंधी समझौते की कोई संस्कृति नहीं है। मैक्रों को अब राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर भिन्न विचारों वाले दलों के बीच व्यापक रूप से सहमत एजेंडे पर श्रमसाध्य बातचीत की बारीकियों को समझना होगा। उदाहरण के लिए, न्यू पॉपुलर फ्रंट सेवानिवृत्ति की उम्र को 64 से घटाकर 60 करना चाहता है, जबकि एक साल पहले ही मैक्रों ने काफी संघर्ष के बाद इसे 62 से बढ़ाकर 64 कर दिया था।

मैक्रों बजट घाटे को कम करने को प्राथमिकता देना चाहते हैं, जबकि न्यू पॉपुलर फ्रंट न्यूनतम वेतन बढ़ाना चाहता है और ऊर्जा व गैस की कीमतों को स्थिर रखना चाहता है। मैक्रों की सरकार ने इस साल की शुरुआत में एक आव्रजन विधेयक पारित किया था, जिसके तहत विदेशियों को फ्रांस में काम करने, रहने और पढ़ने की अनुमति देने वाले नियमों को सख्त बनाया गया था। जबकि, वामपंथियों ने शरण प्रक्रिया को और अधिक उदार बनाने का संकल्प लिया है।

नेशनल असेंबली का तीन बड़े गुटों- वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी-में विभाजन, किसी व्यावहारिक गठबंधन के लिए तत्काल कोई आधार प्रदान नहीं करता। मैक्रों के मध्यमार्गी गुट के पास लगभग 160 सांसद हैं, जो पहले 250 थे, तथा नेशनल रैली और उसके सहयोगियों के पास लगभग 140 सांसद हैं, जो पहले 89 थे। फ्रांस ने एक बार फिर अति दक्षिणपंथियों को सत्ता से दूर रखा, लेकिन आप्रवासन और जीवन-यापन की बढ़ती लागत के प्रति गुस्से के कारण दक्षिणपंथियों को सिरे से खारिज भी नहीं किया है। प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल के साथ सोमवार को बातचीत के बाद मैक्रों ने उनसे देश की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए फिलहाल पद पर बने रहने के लिए कहा है। मैक्रों का कार्यकाल सीमित है और उन्हें 2027 में पद छोड़ना होगा। वह पिछले कुछ दिनों से ज्यादातर चुप हैं, जो असामान्य बात है। हालांकि उनकी पार्टी एक-तिहाई सीटें गंवा चुकी है, लेकिन उनकी वैसी हार नहीं हुई, जिसकी अपेक्षा की जा रही थी। अपमानित होने से वह बच गए। यह कोई छोटी बात नहीं है। अब उनसे उम्मीद की जा रही है कि वह किसी गठबंधन की संभावनाओं को तलाशने के लिए विभिन्न दलों से आराम से परामर्श करेंगे। राष्ट्रपति के समक्ष दो चुनौतीपूर्ण विकल्प हैं। एक तो नेशनल रैली के साथ शासन करना, जिसके युवा पार्टी नेता जॉर्डन बार्डेला प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं और दूसरे मेलेनचॉन की पार्टी के साथ सरकार बनाना, जिस पर मैक्रों ने यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया है। वह समाजवादियों और ग्रीन्स के साथ-साथ मुख्यधारा के रूढ़िवादियों सहित उदारवादी वामपंथियों को गठबंधन में शामिल होने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे।

पिछले महीने यूरोपीय संसद के चुनाव में सोशलिस्ट पार्टी के सफल अभियान का नेतृत्व करने वाले ग्लक्समैन ने कहा, %हम एक विभाजित असेंबली में हैं, और इसलिए हमें बचकाने व्यवहार से बचना होगा। इसका मतलब है कि हमें बात करनी होगी, संवाद में शामिल होना होगा और यह मानना होगा कि नेशनल असेंबली सत्ता का केंद्र है।% उन्होंने इसे %राजनीतिक संस्कृति में एक मौलिक परिवर्तन% बताया। न्यू पॉपुलर फ्रंट की 180 सीटों में से अनुमानतः 75 सीटें फ्रांस अनबोड को मिलेंगी, जबकि लगभग 65 सीटें सोशलिस्टों को, लगभग 33 ग्रीन्स को तथा 10 से भी कम सीटें कम्युनिस्टों को मिलेंगी। जैसा कि ग्लक्समैन की टिप्पणियों से साफ है, गठबंधन को एक साथ बनाए रखना कठिन होगा।

सिद्धांत रूप में, यूरोपीय संसद में गठबंधन बनाने वाले उदारवादी ग्लक्समैन समाजवादियों, ग्रीन्स, कम्युनिस्टों, मैक्रों के मध्यमार्गी गुट और रिपब्लिकन के लगभग 60 मुख्यधारा के रूढ़िवादी सांसदों के गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हो सकते हैं।

# विक्की कौशल ने कर दिया छावा की रिलीज डेट का एलान

## बताया- अपने करियर की बेहद खास फिल्म

*विक्की कौशल अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। मसान, उरी, संजू, सैम बहादुर, मनमर्जियां आदि इन सभी फिल्मों में उनकी बहुमुखी अभिनय क्षमता देखने को मिली है। इस वक्त वह अपनी एक और आगामी फिल्म की वजह से चर्चा में है। उनकी आगमी फिल्म बैड न्यूज जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में वह कॉमेडी करते नजर आने वाले हैं। हालांकि, इसके अलावा वह इन दिनों एक और फिल्म को लेकर व्यस्त हैं, जिसमें उनका किरदार इस फिल्म से बिलबैड न्यूज को लेकर अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म का एक गाना तौबा-तौबा भी इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके लिए उन्हें काफी सराहना भी मिल रही है। इसके अलावा वह इन दिनों एक वह एक और फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का नाम छावा बताया जा रहा है। यह एक पीरियड ड्रामा होने वाली है, जिसमें उनके साथ मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। इस फिल्म को लक्ष्मण उतरेकर निर्देशित कर रहे हैं। हाल में ही विक्की ने इस फिल्म को बेहद खास बताया है और फिल्म की शूटिंग को लेकर बात की है। विक्की ने अपनी आगामी फिल्म छावा*



*को बेहद खास फिल्म बताया है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने उन्हें शायद सबसे यादा शारीरिक और भावनात्मक रूप से सबसे प्रभावित किया है। उन्होंने ने आगे कहा कि यह अपने आप में ड्रामा, इमोशन और हर चीज में एक दमदार फिल्म है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले कभी भी ऐसा कुछ करने की कोशिश नहीं की है। उन्हें फिल्म के ऐतिहासिक पहलू के अलावा शेक्सपियरियन ड्रामा करने में काफी मजा आया है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वह इसे दर्शकों के सामने लाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।अभिनेता ने फिल्म कि रिलीज को लेकर बताया कि कि इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है, लेकिन अभी ये पोस्ट प्रोडक्शन की प्रकिया में है। फिल्म में काफी सारे सीन में वीएफएक्स का उपयोग भी होना है। इसके अलावा उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि मशहूर संगीतकार एआर रहमान, फिलहाल इसके संगीत की रचना में व्यस्त हैं। इन सभी प्रकियाओं के पूरा हो जाने के बाद ही निर्माता फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर सकेंगे। अभिनेता के द्वारा दिए गए इस अपडेट के बाद से ही उनके फैंस की उत्सुकता और भी यादा बढ़ गई है। इस वक्त विक्की कौशल अपनी आगामी फिल्म बैड न्यूज के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म में उनके साथ तृप्ति दिमरी और पंजाबी गायक सह अभिनेता एमी विर्क भी नजर आने वाले हैं। फिल्म सिनेमाघरों में जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शनंस ने किया है। बैड न्यूज और छावा के अलावा वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में भी काम कर रहे हैं, जहां वह आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। कुल अलग होने वाला है।*

## करण जौहर ने सनी देओल को लेकर साझा किया मजेदार पोस्ट, तौबा-तौबा गाने से जुड़ा है वाकया







विक्की कौशल हिंदी सिनेमा के बहुमुखी अभिनेता हैं। उन्होंने कई बार अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता साबित की है। इस वक्त वह अपनी आगामी कॉमेडी फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले वह सैम बहादुर और उरी जैसी गंभीर फिल्मों में नजर आ चुके हैं। इस फिल्म का एक गाना तौबा-तौबा फैंस द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। लोग सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। अब इस गाने को लेकर मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मशहूर अभिनेता सनी देओल से विक्की कौशल के डांस मूव्स की तुलना करते हुए मजेदार प्रतिक्रिया दी है। करण के इस इंस्टाग्राम स्टोरी के सामने आते ही अभिनेता ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने करण की स्टोरी को दोबारा से साझा करते हुए इस पर मजेदार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, जब लोग कहते हैं कि आप डांस नहीं कर सकते और फिर जब आप पाते हैं कि आपने इसे किसी और के करने से पहले ही किया हुआ है। गौरतलब है कि सनी देओल की इंडस्ट्री में बहुत अच्छा डांसर नहीं माना जाता है। सनी देओल की छवि हमेशा से एक एक्शन हीरो की रही है। बता दें कि बैड न्यूज फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म गुड न्यूज की सीक्वेल है। इस फिल्म को आनंद तिवारी ने निर्देशित किया है। वहीं , फिल्म का निर्माण करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शनंस द्वारा किया गया है। कुछ दिनों पहले ही फिल्म का गाना तौबा-तौबा रिलीज हुआ है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। इस गाने में विक्की कौशल के शानदार डांस मूव्स दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं। फिल्म में विक्की के अलावा तृप्ति दिमरी और पंजाबी गायक सह अभिनेता एमी विर्क भी नजर आने वाले हैं। फिल्म 19 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कुछ दिनों पहले बैड न्यूज का गाना तौबा-तौबा रिलीज किया गया था। रिलीज के बाद से ही यह गाना लगातार धूम मचा रहा है। इस गाने को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर लगातार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इसके अलावा इस गाने को लेकर कई मीम्स भी साझा किए जा रहे हैं। करण ने भी इस गाने से जुड़ा एक मीम वीडियो साझा किया है, जिसमें विक्की कौशल के डांस मूव्स की तुलना सनी देओल के एक पुराने गाने से की गई है। करण ने इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा करते हुए लिखा, ओएमजी! उन्होंने इसे पहले किया! सनी सर। इसके साथ ही उन्होंने इसमें लाल दिल वाले तीन इमोजी को भी जोड़ते हुए अभिनेता के प्रति अपना प्यार जाहिर किया।

## भगवान के संकेत पर वापस घर लौटे तारक मेहता... के सोढ़ी

### बोले- मैंने यह पब्लिसिटी के लिए नहीं किया



तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम गुरुचरण सिंह ने पहली बार अपने लापता होने के बारे में बात की है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में, गुरुचरण सिंह ने खुलासा किया कि वह इस साल अप्रैल में आध्यात्मिक यात्रा पर गए थे और वापस आने की उनकी कोई योजना नहीं थी। अभिनेता ने आगे स्पष्ट किया कि उनका गायब होना कोई पब्लिसिटी स्टंट नहीं था और उन्होंने बताया कि वह घर केवल इसलिए लौटे क्योंकि भगवान ने उन्हें एक संकेत दिया था। गुरुचरण सिंह ने बॉम्बे टाइम्स को बताया, मैं अपने माता-पिता की वजह से हमेशा आध्यात्मिक रहा हूं और जीवन के इस मोड़ पर जब मैं उदास महसूस कर रहा था, तो मैंने भगवान की ओर रुख किया। मैं आध्यात्मिक यात्रा पर गया था और वापस लौटने की मेरी कोई योजना नहीं थी। लेकिन भगवान ने मुझे एक संकेत दिया और उसने मुझे घर लौटने पर मजबूर कर दिया। अभिनेता ने कहा, बहुत से लोग सोचते हैं कि मैंने पब्लिसिटी के लिए अपने गायब होने की योजना बनाई थी, लेकिन यह सच नहीं है। अगर मुझे पब्लिसिटी चाहिए होती, तो मैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अपने काम के लिए बकाया राशि के बारे में बात करने के लिए इंटरव्यू दे सकता था। मैं ऐसा करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकता था, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। घर वापस आने के बाद भी मैंने कोई इंटरव्यू नहीं दिया, लेकिन अब मैं बोल रहा हूं क्योंकि मैं कुछ ऐसी बातें स्पष्ट करना चाहता हूं जो लोग मेरे बारे में कह रहे हैं। गुरुचरण सिंह इ स साल 22 अप्रैल को लापता हो गए थे, लेकिन 26 दिन बाद नई दिल्ली में अपने घर लौट आए। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने सिंह से पूछताछ की, जिसके बाद पता चला कि वह धार्मिक यात्रा पर जाने के लिए घर से निकले थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि गुरुचरण ने अपने लापता होने की सूचना मिलने के बाद से ही अमृतसर और लुधियाना के गुरुद्वारों का दौरा किया था, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें घर लौट जाना चाहिए।

## फिर सुर्खियों में आईं जैकलीन फर्नांडीज, मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने दोबारा किया तलब



जैकलीन फर्नांडीज एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को उन्हें फिर से पूछताछ के लिए तलब किया है।

**धोखाधड़ी से जुड़ा है पूरा मामला** 38 वर्षीय श्रीलंकाई मूल की अभिनेत्री से पहले भी इस मामले में पूछताछ की जा चुकी है। फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटर शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह सहित हाई-प्रोफाइल लोगों से करीब 200 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से यह मामला जुड़ा हुआ है। के प्रमोशन के बीच विक्की कौशल-एमी विर्क ने की जमकर मस्ती, बोले- यह बहुत अच्छा....

**ईडी ने लगाए गंभीर आरोप** ईडी के आरोपों के मुताबिक धोखाधड़ी से हासिल किए गए इस अवैध धन का उपयोग जैकलीन के लिए उपहार खरीदने में किया गया है। साल 2022 में दायर एक आरोप पत्र में यह बताया गया था कि जैकलीन ठग चंद्रशेखर के आपराधिक इतिहास के बारे में जानने के बावजूद उसकी ओर से दिए गए कीमती सामान, आभूषण और महंगे उपहारों का लुत्फ उठा रही थीं।

**कई बार हो चुकी है पूछताछ** अब तक जैकलीन से इस मामले में कम से कम पांच बार पूछताछ की जा चुकी है। हालांकि, हर बार अभिनेत्री ने यही सफाई दी है कि वह निर्दोष हैं और उन्हें चंद्रशेखर की कथित आपराधिक गतिविधियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

**इन फिल्मों में आएंगी नजर** वर्क फ्रंट की बात करें तो जैकलीन जल्द ही फतेह नाम की फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ सोनू सूद भी हैं। इसके अलावा वह वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी। फिल्म में अक्षय कुमार समेत कई बड़े सितारे एक साथ बड़े पर्दे पर दिखेंगे।

## लवकेश जो कुछ भी है, एल्विश की वजह से है, अरमान मलिक ने किया तंज, कहा- खुद के दम पर कुछ नहीं किया है





'बिग बॉस ओटीटी 3' में विवादों का सिलसिला शुरू हो चुका है। यह सीजन लगातार चर्चा में बना हुआ है। सोशल मीडिया पर घर के अंदर हो रही गतिविधियों पर जमकर बहस छिड़ी हुई है। मौजूदा समय में विशाल पांडे और अरमान मलिक का विवाद सुर्खियों में बना हुआ है। वहीं, अब अरमान ने लवकेश और एल्विश की दोस्ती पर सवाल उठाए हैं और लवकेश को बाहर करने के समर्थन में भी नजर आए हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 के दर्शक हर गुजरते दिन के साथ घर में लगातार बदलाव देख रहे हैं। शो के हालिया एपिसोड में लवकेश कटारिया को बाहर वाला के तौर पर पकड़े जाने के बाद सजा दी गई और उन्हें पद से हटा दिया गया। बाद में कंटेस्टेंट्स से पूछा गया कि क्या वे उन्हें घर से बाहर करना चाहेंगे। अरमान मलिक सबसे पहले हाथ उठाने वाले शख्स थे। लवकेश को यह बात पसंद नहीं आई और उन्होंने बाद में अरमान से पूछताछ की और बताया कि यह उनके लिए चौंकाने वाली बात है कि अरमान उसे बाहर करना चाहता हैं। आगे चलकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। अरमान को फिर कृतिका मलिक और चंद्रिका दीक्षित के साथ लवकेश के बारे में चर्चा करते हुए देखा गया। वह उन्हें बताते हुए देखे गए कि एल्विश के कठिन समय के दौरान लवकेश कहीं नहीं दिखाई दिया और यह एल्विश की महानता है कि वह अभी भी लवकेश को अपने साथ रखता है। वह यह भी कहते हुए देखे गए कि लवकेश जो कुछ भी है, वह एल्विश की वजह से है। अरमान ने कहा, दूसरों के दम पे दिवाली मनाई है खुद के दम पे कुछ नहीं किया। हालांकि, लवकेश इस बातचीत से बिल्कुल अनजान थे। लवकेश के फैंस को अरमान की यह बात बिल्कुल भी पसंद नहीं आई और लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, अरमान अब लवकेश और एल्विश की दोस्ती तोड़ना चाहते हैं। दूसरे यूजर ने लिखा, अरमान अब आरोप लगा रहे हैं। बता दें कि एल्विश यादव बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर रहे।

# अकोला खासदार अनुप धोत्रे , मेडशी येथील उर्दू शाळेची घेतली दखल

**अनुप जी धोत्रे यांनी उर्दू शाळेच्या बांधकामासाठी 1500000 पंधरा लाख रुपयांचा निधी उपलब्ध करून देण्याचे पत्र पाठवले**



**संजय चव्हाण । सिटी चीफ ।** मालेगाव, मालेगाव तालुका मेडशी येथे आज माननिय खासदार अनूप जी धोत्रे साहेब यांनी ऊर्दू शाळा ईमारत करिता 1500,000 पंधरा लाख़ रुपये निधि उपलब्ध करुण देण्यासाठी पत्र दिले शाळाची इमारत खूपचजीर्ण आवस्ता होती या शाळेत बरेच विद्यार्थि शिक्षण घेत आहे शाळे ची दयनीय आवस्ता पाहुन व विद्यार्थी सोबत भविष्यात अनुचित प्रकार घडू नये या करिता भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिल्हा उपाध्यक्ष मोहसिन पठान यांनी वेळो वेळी पाठपूर्वठा
करुण व वरिष्ठ नेते मंडळी सोबत सकारात्मक चर्चा केली सोबतच वरिष्ठ नेते मंडळी नि क्षणा विलंब ना करता कामे मार्गी लावले त्या बद्दल समस्त मुसलिम समाजा च्या वतीने खासदार साहेब यांचे मन पूर्वक आभार व अशीच साथ सदैव सोबत असु द्या साहेब याच्या पेक्षा जास्त ताकतींने सोबत राहु अशी शब्द देताना सोबत मुस्लिम सामाजा च्या वतीने देण्यात आले त्या वेळी हाजी बदरूद्दीन गवरे छद्दू भाई गवरे फिरोज पठान उस्मान रेघिवाले सलीम गवरे परवेज पठान साद मौलाना, निजाम गवरे व इतर बरेच मंडळी उपस्थित होती

# कार्यकर्ता के आरोप और इस्तीफे के बाद जांच टीम गठित

**सगरा आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर कर रही पूरे मामले की जांच**



**राकेश कुमार मिश्रा । सिटी चीफ ।** रीवा, रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान में पदस्थ परियोजना अधिकारी अंजना सिंह के तानाशाही से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परेशान हैं, हाल ही में बीते दिनों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने परियोजना अधिकारी अंजना सिंह की तानाशाही से तंग आकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर को अपना इस्तीफा सौंपा था आपको बता दे की परियोजना अधिकारी अंजना सिंह पर पूर्व में भी कई बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर पैसे के लेन-देन के लिए लगातार दबाव बनाए जाने की बात सामने आई थी,,,इस पूरे घटनाक्रम के बाद मामले की जांच के लिए जांच टीम गठित की गई जो आज सगरा के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रही है,, वहीं जांच के दौरान पहुंचे स्व सहायता समूह के लोगों ने खाते से 53 हजार रुपए निकाल कर दूसरे खाते में डाल दिया गया आपको बता दे कि अंजना सिंह पर पूर्व में भी कई बार लगातार आरोप लग चुके हैं अब देखना यह होगा कि जांच टीम इस पूरे मामले पर क्या एक्शन लेती है।

# घेराबंदी कर पुलिस ने पुलिस ने पकड़ी 90 लीटर अवैध शराब

**2 तस्कर गिरफ्तार,कार जब्त**



**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ ।** सतना, जिले के सीमावर्ती थाना चित्रकूट पुलिस ने बेलेनो कार में 90 ली अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन करने वाले 2 शराब तस्कर अंकुश गर्ग , संदीप सिंह सोलंकी को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल म.प्र. द्वारा राज्य स्तर पर अपराध की रोकथाम, प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही एवं अवैध मादक पदार्थ ,अवैध शस्त्र ,जुआ, सट्टा गौवंश एक्ट के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही के विशेष अभियान के पालन में एवं आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक सतना के कुशल निर्देशन एवं विक्रम सिंह कुशवाह अति.पुलिस अधीक्षक सतना एवं रोहित राठौर एसडीओपी चित्रकूट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चित्रकूट निरीक्षक पंकज शुक्ला द्वारा विशेष अभियान की रेड कार्यवाही में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक नीले रंग की ब्लेनो कार में शराब लिये गुप्त गोदावरी तिराहा से गुप्त गोदावरी तरफ जा रहे हैं सउनि रामयश वर्मा मय हमराह स्टाफ एव गवाहान के समक्ष गोदावरी रोड़ चौबेपुर तिराहे के पास चेकिंग लगायी गयी ।आरोपी गणों द्वारा पुलिस को देखकर गाडी को मोड़कर भगाने का प्रयास किया गया । घेरा बन्दी कर गांडी रोका गया एवं आरोपीगणों से नाम पता पूछने पर अंकुश गर्ग पिता स्वर्गीय राम निवास गर्ग उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 प्रमोदवन थाना चित्रकूट जिला सतना मध्यप्रदेश एवं कार की बीच सीट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम संदीप सिंह सोलंकी पिता राम अभिलाष सिंह सोलंकी उम्र 23 वर्ष निवासी मऊ थाना मऊ जिला चित्रकूट उत्तरप्रदेश हाल निवास मवई खूर्द थाना मऊ जिला चित्रकूट उत्तरप्रदेश बताया एवं कार की तलाशी ली गयी जिसमे कार के बीच में 4 नग कार्टुन एवं कार के पीछे डिक्की में 5 नग कार्टून कुल 9 नग कार्टून मिले । जिसमे 5 नग कार्टून में किंगफिसर बियर प्रत्येक कार्टून में 24 नग कुल 120 नग किंग फिसर बीयर प्रत्येक किंगफिसर बीयर में 500 एमएल प्रत्येक किंगफिसर बीयर की कीमत 180 रूपये कूल कीमती 21600 रूपये, 3 कार्टून में गोवा व्हिस्की प्रत्येक कार्टून में 50 नग कुल 150 नग गोवा व्हिस्की प्रत्येक गोवा व्हीस्की में 180 एमएल प्रत्येक गोवा व्हिस्की की कीमत 135 रूपये कुल कीमती 20250 रूपये, 1 कार्टून में 20 नग इंपीरियल ब्लू प्रत्येक इंपीरियल ब्लू में 180 एम एल प्रत्येक इंपीरियल ब्लू की कीमत 245 रूपये कुल कीमती 4900 रूपये की ठेका की शील लगी शीलबंद कुल 90 लीटर शराब कुल कीमती 46750 रूपये कार क्रमांक एम पी 19 जे सी 1479 में मिली कार की कीमती लगभग 8 लाख रूपये पाया गया । आरोपी गणों के कब्जे से जब्त किया गया । आरोपी गणों को गिरफ्तार कर अभिरक्षा मे लिया गया । इस कार्रवाई में निरीक्षक पंकज शुक्ला थाना प्रभारी , सउनि अश्वनी मिश्रा, सउनि जगन सिंह बिलवाल ,सउनि रामयश वर्मा ,सउनि सूर्यमणि ठकुरिया ,प्र.आर. कृष्णलोचन वर्मा , आर सन्तोष वर्मा , आर विकास पाल , आर विमल देव , आर विपिन सिंह ,प्र.आर. दिनेश लाल शामिल रहे।
6 कुन्टल महुआ लाहन और शराब भट्ठिया नष्ट किया,आरोपी मंदाकिनी में कूद कर फरार उ.प्र. एवं म.प्र. के बार्डर ग्राम लोसरिया में हाथ भट्ठी से बना रहे कच्ची शराब तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई में लगभग 6 कुन्तल महुआ लहान सहित कई शराब भट्ठियां को नष्ट किया गया लेकिन पुलिस की भनक लगते ही आरोपीगण मन्दाकिनी नदी कूद कर उ.प्र. सीमा में भाग गये । थाना प्रभारी चित्रकूट निरीक्षक पंकज शुक्ला द्वारा विशेष अभियान की कार्यवाही में उ.प्र. एवं म.प्र. के बार्डर ग्राम लोसरिया में हाथ भट्ठी से से बना रहे कच्ची शराब तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु थाना स्टाफ के साथ ग्राम लोसरिया रेड डाली । मन्दाकिनी नदी के किनारे बना रहे कच्ची शराब का लगभग 6 कुन्तल महुआ लहान सहित कई शराब भट्ठियां को नष्ट किया गया । पुलिस की भनक लगते ही आरोपीगण मन्दाकिनी नदी में कूद कर तैरते हुए उ.प्र. सीमा की तरफ भाग निकले । लोसरिया गांव कच्ची शराब बनाने का सबसे बड़ा और बहुत पुराना अड्डा है यहां लगभग सभी निवासी कच्ची शराब उतार कर बेंचते हैं। मंदाकिनी नदी के किनारे भट्ठी जलाते हैं और पुलिस पहुंची तो नदी कूद कर तैरते हुए यूपी सीमा में पहुंच जाते हैं।दूसरे दिन फिर भट्ठी जल जाती है।

# सतना के कोठी में हुई अतिक्रमण की ताबड़तोड़ कार्यवाही

**प्रशासनिक अधिकारियो की मौजूदगी में अवैध रूप से बने मकानों को किया गया ध्वस्त**

उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ । सतना, जिले के कोठी नगर परिषद के अंतर्गत आज अतिक्रमणकारियों पर चला बुल्डोजर जिसमे मुख्य रूप से एसडीएम राहुल सिलाडिया ,कोठी मुख्य नगर परिषद अधिकारी डॉ पूजा द्विवेदी,कोठी तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया,कोठी थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत अपने दल बल के साथ अतिक्रमणकारियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की गई अवैध रूप से बने मकानों को किया गया ध्वस्त और साथ में भविष्य में भी अतिक्रमण न करने की सलाह दी गई



# न्यायालय के आदेश का 1 सालों में नहीं करा पाए पालन..... कार्यवाही नहीं होने पर कलेक्टर कार्यालय के चक्कर लगा रहा पीड़ित...

**नायब तहसीलदार परमानंद तिवारी पर सही कार्यवाही नहीं करने के लगे आरोप, आवेदन लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा पीड़ित...**



**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ ।** सतना, मध्य प्रदेश में आए दिन आम जनता के हितों के लिए सरकार हर तरह की योजनाओं को नया रूप देकर जनता तक पहुंचाने के लिए रोज नए नियम व आदेश निकालती है। लेकिन जिले और क्षेत्र के जिम्मेदार इन आदेशों पर पलीता लगाते हुए पीड़ितों को दर-दर भटकने के लिए मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला सतना जिले के बिरसिंहपुर तहसील अंतर्गत सामने आया है।जहा आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई पर देखने को मिला है। जहां पीड़ित ने न्यायालय के आदेश के बाद भी सीमांकन नहीं होने पर नायब तहसीलदार परमानंद तिवारी पर आरोप लगाते हुए शिकायत की है,की सही कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।इस वजह से हम अपनी जमीन पर कब्जा नहीं कर पा रहे हैं। वहीं 5 साल पहले माननीय न्यायालय ने सीमांकन के आदेश कर कब्जा दिलाने का आदेश दिया था।
पीड़ित उमादत्त दीक्षित,ग्राम बाल्हा पो0नयॉगवा,तह0बिरसिंहपुर,जिला सतना,ने आवेदन में लिखा की नायब तहसीलदार वृत जैतवारा के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला दण्डाधिकारी के आदेश की अवमानना की शिकायत करने के बाद भी नहीं हुई सही कार्यवाही। वही नायब तहसीलदार बिरसिहपुर के हिटरलरशाही के चलते न्यायालयीन आदेशो की अवहेलना की जा रही है। जिसके कारण आम जन मानस न्याय पाने से वंचित है। जैसा कि नायब तहसीलदार जैतवारा परमानन्द तिवारी वृत जैतवारा एवं उनके बाबू को माननीय जिला न्यायाधीश फास्ट टैक कोर्ट सतना व्यवहार अपील क0 16/ए/05 निर्णय दिनांक 21/02/2005 वारिष्ठ खंड जिला सतना के पत्र क0/76 सतना दि0 6.07.2023 के पालनार्थ कार्यालय कलेक्टर सतना के पत्र क0/66 स-आ-रा/व्यवहारवाद / 2023 दिन0 14/07/2023 द्वारा निर्देशित किया जाकर 17/07/2023 के पूर्व पालन प्रतिवेदन चाहा गया था।किन्तु नायब तहसीलदार परमानन्द तिवारी वृत जैतवारा आर्थिक प्रलोभन व राजनैतिक दबाव के चलते माननीय वारिष्ठ न्यायालय के आदेश की अवमानना करते हुये उक्त प्रकरण आदेश को ठंडे बस्ते मे डाल दिया है सम्बन्धित पक्षकार न्याय पाने से वंचित है।

# कटनी आयुध निर्माण फैक्ट्री कर्मचारियों का जोरदार धरना प्रदर्शन

**रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के चलते रास्ता बंद, कच्चे माल में देरी व अन्य समस्याओ को लेकर फैक्ट्री के गेट के सामने किया प्रदर्शन**



**सुनील यादव । सिटी चीफ।** कटनी, कटनी जिले के आयुध निर्माण फैक्ट्री के गेट के सामने कई कर्मचारी धरने पर बैठ जोरदार नारेबाजी करते विरोध प्रदर्शन किया। ये सभी फैक्ट्री इलाके में चल रहे रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलाते बंद हुई सड़के, कर्मचारियों के क्वार्टर की मरमत न होने और फैक्ट्री में पहुंचने वाला कच्चा माल समय से न पहुंचने जैसे कई समस्याओं के चलाते धरना प्रदर्शन कर रहे है।
ऑर्डनेस फैक्ट्री गेट के सामने धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया की फैक्ट्री इलाके में चल रहे रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलाते सभी सड़के बंद कर दी गई है जिससे कर्मचारी व उनका परिवार सड़क पार नहीं कर पा रहे है और अपने आप को बंधक महसूस कर रहे है वही फैक्ट्री के अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों से अपशब्द कहे जाने और फैक्ट्री में आने वाला कच्चा माल समय से न पहुंचने के चलाते प्रोडक्शन काम समय से न होने और फैक्ट्री से निकलने वाला खराब मेटेरियल में अच्छा माल मिला कर बाहर करने के मामले जैसे कई समस्याओं के चलाते आज एक दिवस के लिए फैक्ट्री गेट के सामने फैक्ट्री के कर्मचारियों ने गेट के सामने धरने पर बैठ जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और मांगे न पूरी होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।
गति से द्वारा की जा रही तानाशाही के चलाते
- फैक्ट्री इलाके में ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलाते बंद हुई सड़के व कर्मचारियों के क्वार्टर की मरमत न होने और फैक्ट्री में कच्छ मेटेरियल समय से न पहुंचने जैसी कई मांगों के चलाते बैठे धरने पर
- ऑर्डनेस फैक्ट्री गेट के सामने जोरदार नारेबाजी कर किया प्रदर्शन
- मांगे न माने जाने पर उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

# दो बाइक की होई आपस में टक्कर

**दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल**



**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ ।** सतना, जिले के सभापुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर सेमरिया स्टेट हाईवे 52 मुख्य सड़क मार्ग पर बैरहना मोड़ के समीप दो बाइक में आपस में टक्कर होने से हुआ सड़क हादसा,हादसे में बाइक सवार एक वृद्ध समेत दो अन्य युवक हुए गंभीर रूप से घायल। दुर्घटना का शिकार हुए तीनों लोगों को रास्ते से गुजर रहे धारकुंडी थाना प्रभारी अभिषेक पांडे ने उपचार हेतु पहुंचाया बिरसिहपुर अस्पताल। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत वृद्ध को किया मृत घोषित।साथ ही गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल किया रेफर। सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर हैं मौजूद।

# मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने सहारनपुर पहुंचकर कांवड़ मार्ग का करा निरीक्षण

**पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**



**गौरव सिंघल । सिटी चीफ ।** गागलहेड़ी। सहारनपुर, कांवड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेंगी। मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने सहारनपुर पहुंचकर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडीजी डीके ठाकुर ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। एडीजी डीके ठाकुर ने डीआईजी अजय कुमार साहनी, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, एसपी यातायात सिद्धार्थ वर्मा के साथ कांवड़ यात्रा मार्ग भगवानपुर रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने यूपी-उत्तराखंड बार्डर स्थित काली नदी पुलिस चौकी पर पहुंच कर व्यवस्थाओं को परखा। एडीजी मेरठ जोन ने काली नदी चौकी प्रभारी से कांवड़ यात्रा मार्ग में आवश्यक सुरक्षा संबंधी कार्यों को पूरा करने तथा बॉर्डर पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने बॉर्डर पर लगने वालों गावों में विशेष सावधानियां बरतने तथा दूसरे राज्यों से यूपी में प्रवेश करने वालों मार्गों की सूची तैयार करने के साथ ही संदिग्ध वाहन, व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तराखंड पुलिस से हर समय संपर्क बनाते हुए यात्रा को सकुशल संपन्न कराने की बात कहीं।एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने अवगत कराया कि कांवड़ मार्ग पर लगने वाले शिविरों को सड़क से हटकर लगवाएंगे, जिससे कांवड़ियों को आवागमन में कोई दिक्कत न हो। इस दौरान अधिकारियों ने अग्रसैन तिराहे, कैलाशपुर, कुम्हारहेड़ा, नौगजा पीर के निकट लगने वाले शिविरों के स्थानों पर भी जरुरी दिशा- निर्देश दिए। इसके अलावा एडीजी डीके ठाकुर ने पुलिस लाइन सभागार में सीओ और थाना प्रभारियों को कांवड़ यात्रा में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**माजिद अली ने पत्रकारों से बातचीत में कहा**

# सहारनपुर सांसद संविधान के नाम पर चुनाव जीते अब उनके घर के बच्चे उड़ा रहे संविधान का मजाक और सांसद दे रहे है फतवे



*गौरव सिंघल । सिटी चीफ ।* *सहारनपुर। देवबंद, अबकी लोकसभा चुनाव में सहारनपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव में करारी हार का सामना करने वाले बसपा प्रत्याशी रहे माजिद अली ने आज अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने संविधान के नाम पर चुनाव जीता और आज चुनाव जीतने के बाद उनके घरो के बच्चें संविधान का मखौल बना रहे है। जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सांसद इमरान मसूद सांसद बनने के बाद फतवे देने लगे है आखिर सांसद इमरान मसूद कहा के मुफ़्ती है जो उन्हें पता है सडक पर नमाज कुबूल होंगी या नहीं। उन्होंने जनता का वोट लेकर जनता को ठगने का काम किया है। अब वो भाजपा की भाषा बोल रहे है। चौ. माजिद अली ने सांसद चंद्रशेखर के बयान का समर्थन करते हुए उनके बयान को सही बताया है। उन्होंने सांसद इमरान मसूद के बयान को मुस्लिमो के हितो पर कुठाराघात बताते हुए कहा की उन्हें संसद में जनता ने इसलिए भेजा की वो कौम के मुद्दों को संसद व सड़को पर उठा सके इसलिए नहीं की वो कौम पर फतवा थोंपने लगे। उन्होंने कहा की वह जनता के बीच रहकर जनता की लड़ाई लड़ेंगे। बोले कि हार-जीत चुनाव में लगी रहती है। वह जनता के सहयोग से दोबारा मैदान में आएंगे और समाज के हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्या को हल कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि ज़ब सड़को से कावड़ यात्रा निकल सकती है और अन्य धार्मिक जुलूस व कार्यक्रम आयोजित हो सकते है तो क्या 20 मिनट के लिए नमाज नहीं पढ़ी जा सकती है। इस दौरान सय्यद अली, बसपा नेता तसस्वुर गौड़, मशरूर गाड़ा, इफ्तिखार प्रधान सहित हमेत उनके समर्थक मौजूद रहे।*

# कांवड़ शिविरों को प्लास्टिक व पॉलीथिन से मुक्त रखें : महापौर डॉ. अजय कुमार

### महापौर ने कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए कांवड़ शिविर संचालकों के साथ की बैठक

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ ।**



सहारनपुर, महापौर सहारनपुर डॉ. अजय कुमार ने कांवड़ शिविर संचालकों से कांवड़ यात्रा के दौरान सेवा शिविरों को पूरी तरह प्लास्टिक व पॉलीथिन मुक्त रखने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक व पॉलीथिन मानव जीवन के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। यह न केवल हमारे लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी घातक है। इसके प्रयोग से बचना भी मानव सेवा और ईश्वरीय सेवा है। महापौर डा. अजय सिंह आज नगर निगम में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के सम्बंध में कांवड़ शिविर संचालकों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी शिविर संचालकों को आश्वस्त किया कि कांवड यात्रा के दौरान कांवड़ मार्ग व शिविरों के निकट साफ-सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व टायलेट तथा आवश्यकतानुसार अस्थायी निर्माण आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी और कांवड़ियों के स्वागत को स्वागत द्वार भी बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक शिविर को कैमरे की नजर में रखने का प्रयास किया जायेगा। शिविर संचालकों द्वारा मोबाइल टायलेट की डिमांड पर महापौर डा. अजय सिंह ने कहा कि मोबाइल टायलेट की संख्या सीमित है अत: आपसी सहयोग से स्थान तय कर समाधान निकालना होगा। महापौर ने शिविर संचालकों को सुझाव दिया कि शिविरों में पर्यावरण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण व योगा आदि राष्ट्रहित के मुद्दों का प्रचार करें। उन्होंने पार्षदों से भी अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के शिविरों का भ्रमण करें और व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कांवड़ व्यवस्था में लगे निगम कर्मचारी, पुलिस व प्रशासन के कर्मचारी हमारे सहयोगी है, इस बात को सभी ध्यान में रखें और उनके साथ संयत व सहयोगात्मक व्यवहार करें। अपर नगरायुक्त व कांवड़ यात्रा के नोडल अधिकारी राजेश यादव ने भी सभी कांवड़ शिविर संचालकों को आश्वस्त किया कि 22 जुलाई से पहले ही समस्त व्यवस्थाएं पूरी कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए कुछ नये मोबाइल शौचालय भी मंगाये जा रहे हैं, उम्मीद की जानी चाहिए कि इससे गत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष शौचालयों की समस्या का समाधान हो सकेगा।

इससे पूर्व कांवड़ शिविर संचालकों संजय फुटेला, दिनेश सेठी, विकास सैनी व सुनील अनेजा सहित अनेक शिविर संचालकों ने कांवड़ मार्ग के नालों की सफाई, डिवाइडरों पर निशान, शौचालयों में पानी तथा मोबाइल शौचालयों की आवश्यकता अनुसार व्यवस्था करने, स्मार्ट सिटी के तहत निर्माधीन फुटपाथ पर पड़ी केबल उठवाने, देहरादून चौक व घंटाघर सहित सभी प्रमुख चौराहों की भव्यता के साथ सजावट कराने, कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी सीसी कैमरों को चालू कराने, कांवड़ मार्ग पर निगम का कंट्रोल रुम बनाने, कांवड़ यात्रा की व्यवस्था से सम्बद्ध अधिकारियों के मोबाइल नंबर प्रत्येक शिविर में उपलब्ध कराने, शिविर स्थलों के आसपास जल निकासी की उचित व्यवस्था करने, शिविर स्थलों को टायल बिछाकर या मिट्टी भराव कर समतल करने आदि की मांग की गयी। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव के व मृत्युंजय के अलावा महाप्रबंधक जलकल बी के सिंह, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर सी गुप्ता, जेडएसओ राजीव चौधरी व प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम कटंगटोला में हुआ पशु टिकाकरण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### ग्राम कि शासकीय भूमि को समतल कर शासकीय भवन निर्माण हेतु सुरक्षित किया जायेगा-लिखीराम

**लकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ ।**




बालाघाट, लालबर्रा नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पांढ़रवानी अन्तर्गत आने वाले ग्राम कटंगटोला में 8 जुलाई दिन सोमवार को ग्राम सर्व समाज के द्वारा 10 बजे से पशु चिकित्सा विभाग द्वारा ग्राम के पशुओं को चिन्हित कर पशुओं को टिका लगाया गया तथा 12 बजे से ग्राम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाया गया है जिसमें स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों का नि:शुल्क उपचार कर दवाई का वितरण किया जिसमें पशु-चिकित्सा विभाग से डां. राजेश कुशरे पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ. शिल्पा साहू, प्रवीण चौधरी,दशरथ कुकड़ें,घितेन्द्र चौहान, वहीं शासकीय सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डां. धर्मेंद्र गहिया दंत चिकित्सक, डॉ कामिनी टेम्भरे,एच एल पटले, अनिता माने, प्रीति खरे सहित सर्व समाज के अध्यक्ष लिखीराम हरिन्द्रवार उपस्थित रहे इनकी मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम ग्राम के सभा मंच (हनुमान मंदिर) में पूजन अर्चन कर कार्यक्रम शुरू हुआ प्रेस को जानकारी देते हुए सर्व समाज के ग्राम अध्यक्ष श्री लिखीराम हरिन्द्रवार ने बताया कि नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रितु परिवर्तन के साथ होने वाली मौसमी बिमारियों के बचाव व उपचार हेतु मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ नैनो इंडोलिया सर के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने अपना योगदान दिया तथा मवेशियों के उपचार हेतु ग्राम के समस्त मवेशियों कि जांच व टिकाकरण पशु-चिकित्सा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुसरे एवं समस्त स्टाप के साथ ग्राम के सभी मवेशियों का नि:शुल्क जांच व उपचार किया गया।

तत्पश्चात ग्राम में निवासरत शिक्षक श्री कोमल प्रसाद पंचेश्वर के सेवानिवृत्त होने पर ग्राम अध्यक्ष श्री लिखीराम हरिन्द्रवार व समस्त ग्रामीणों द्वारा साल श्रीफल व एक पौधा प्रदान कर आत्मीय सम्मान किया गया। एवं ग्राम कि शासकीय भूमि का समतलीकरण कर सार्वजनिक मंगलभवन,आंगनबाड़ी व बाल उद्यान जैसे अनेकों कार्य के लिए सुरक्षित किया गया जिसमें ग्राम सरपंच अनीश खांन जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा तथा उक्त चिन्हित भूमि में 15 अगस्त 2024 को ध्वजारोहण किया जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। वहीं उक्त आयोजित कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वालों में प्रमुख रूप से लिखीराम हरिन्द्रवार अध्यक्ष ग्राम सर्व समाज, चन्द्रप्रकाश बिसेन मिडिया प्रभारी,सर्व ग्राम समाज, धनीराम पाचें, राजेन्द्र पंचेश्वर, विश्वनाथ पंचेश्वर, तरूण पंचेश्वर, रुपचंद बिसेन,शैसराम सोनवाने, दिगम्बर ठाकरे, कृष्णा पंचेश्वर, रामप्रसाद पंचेश्वर, सजंय पंचेश्वर, देवेंद्र पटले,भवन बिसेन, नंदकिशोर पंचेश्वर,विजय पांचें ,कुमान सिंह पंचेश्वर, सोमलाल पंचेश्वर,अनिता पंचेश्वर,सविता पंचेश्वर,लक्ष्मी पांचें,अंजली पाचें, लक्ष्मी पंचेश्वर, आरती पाचें,तिजिया पंचेश्वर,सुमिता पंचेश्वर व प्राची पंचेश्वर सहित अन्य सभी ग्रामीणों का सराहनीय रहा !

# कार्यालयों का निरीक्षण कर सुबह 10 बजे से खुलना सुनिश्चित करें-कमिश्नर

### शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें - शिक्षा विकास की धुरी है-कमिश्नर

**रीवा**

#### कलेक्टर हर शुक्रवार फोन पर जन समस्याओं की करेंगे सुनवाई?




रीवा संभाग के कमिश्नर श्री बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी कार्यालयों का सुबह 10 बजे खुलना सुनिश्चित करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण कर इसे कारगर बनाएं। अस्पतालों में बायोमेट्रिक उपस्थिति तथा कार्यालयों में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी इसकी मॉनीटरिंग करें। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य विकास योजनाओं का क्रियान्वयन और जनकल्याण है। आमजनता की कठिनाईयों को दूर करने के लिए प्रभावी व्यवस्था करें। जन सुनवाई के साथ-साथ कलेक्टर प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक मोबाइल फोन पर भी आमजनता की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि सुशासन को ग्राम पंचायत तक सुदृढ़ करें। शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा तो सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण अपने आप घटेंगे। विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित होने पर ही सीएम हेल्पलाइन में आमजन शिकायत दर्ज करते हैं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी अधिकारी प्रतिदिन प्रयास करें। इसमें यदि कोई प्रकरण बिना किसी कार्यवाही के एल-1 से आगे बढ़ा तो संबंधित पर कार्यवाही करें। सभी कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों में से 50 प्रतिशत का 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को हर माह लक्ष्य निर्धारित करें। इसकी पूर्ति के अनुसार अधिकारियों का मूल्यांकन करें। हाल ही में तीन नए कानून एक जुलाई से लागू किए गए हैं। जिले में आयोजित प्रत्येक महत्वपूर्ण आयोजन में नए कानूनों की जानकारी दें। पुलिस, राजस्व तथा अन्य विभाग के अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर इन कानूनों की जानकारी दें। बैठक में कमिश्नर ने स्कूल चलें हम अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें। अभी बच्चों के प्रवेश की स्थिति संतोषजनक नहीं है। कलेक्टर इसकी नियमित समीक्षा करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करें। शिक्षा ही विकास की धुरी है। स्कूलों का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। सभी जिलों में 14 जुलाई से उत्कृष्ट कालेज भी शुरू हो रहे हैं। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। कमिश्नर ने अधिकारियों को अतिवृष्टि की स्थिति में बाढ़ से राहत और बचाव के लिए समुचित उपाय के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका हो वहाँ आवश्यक उपकरणों, नाव तथा बचाव दल की व्यवस्था कर लें। शासन द्वारा हाल ही में एयर एंबुलेंस की सुविधा शुरू की गई है। कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिलकर आवश्यक होने पर रोगी को तत्काल एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वर्षा जनित रोगों से बचाव के लिए प्रत्येक गांव में आवश्यक दवाओं का भण्डारण कराएं। किसी भी क्षेत्र में उल्टी दस्त या अन्य महामारी का प्रकोप होने पर रैपिड दल से तत्काल उपचार की व्यवस्था कराएं। संयुक्त संचालक पशुपालन 30 जुलाई तक पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि पूरे संभाग में पशुओं के सड़कों पर विचरण की बड़ी समस्या है। निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में भेजने के लिए उचित प्रबंध करें। अधूरी गौशालाओं का निर्माण पूरा कराकर उनका भी संचालन सुनिश्चित करें। निराश्रित गौवंश के लिए आमजनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से ही उचित व्यवस्था की जा सकती है। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर कृषि आदान की नियमित समीक्षा करें। सभी जिलों में पर्याप्त मात्रा में बीज और यूरिया खाद उपलब्ध है। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एसएसपी और एनपीके के उपयोग के लिए प्रेरित करें। अधीक्षण यंत्री पीएचई सभी हैण्डपंपों और अन्य पेयजल स्त्रोतों का स्थानीय निकायों के सहयोग से शुद्धिकरण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि पूरे संभाग में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। सभी शिक्षण संस्थाओं तथा कार्यालयों के परिसर में अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, पोषण आहार के वितरण, किसानों की आमदनी बढ़ाने के उपायों तथा कार्यालयों के निरीक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कमिश्नर कार्यालय में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी दी। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल कलेक्टर सतना श्री अनुराग वर्मा, कलेक्टर मऊगंज श्री अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, कलेक्टर सीधी श्री स्वरोचिष सोमवंशी तथा कलेक्टर सिंगरौली श्री चन्द्रशेखर शुक्ला ने अपने-अपने जिले के कार्यों की जानकारी दी। बैठक में उपायुक्त डीएस सिंह, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, मुख्य अभियंता एमपीईबी आईके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक कृषि एसके नेताम, संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव तथा अन्य संबंधित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन योजना की मदद से रामरती को मिला एक अच्छा जीवन स्तर

**शहडोल**



अपना अच्छा व पक्का आशियाना हो यह हर व्यक्ति का सपना होता है। ऐसा ही एक सपना देखा शहडोल जिले के ग्राम टेटका निवासी श्रीमती रामरती बैगा पहले एक कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ निवास करती थी। आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण रामरती बैगा को अपनी रोजमर्रा की जरूरत को पूरी करने के लिए मजदूरी करना पड़ी। एक मजदूर परिवार के लिए अपने खुद के घर का सपना देखना मानो नामुमकिन सा हो गया था। लेकिन प्रधानमंत्री जनमन योजना ने श्रीमती रामरती बैगा और उसके परिवार का यह सपना पूरा किया। प्रधानमंत्री जनमन योजना की मदद से रामरती बैगा का अब पक्का घर बन चुका है। कुछ समय पूर्व रामरती व उनका परिवार ठंड, गर्मी, बरसात में जैसे-तैसे अपना जीवन व्यतीत कर रहा था, आज वे सभी खुशहाली का जीवन जी रही है। अच्छा जीवन स्तर बन रहा है। इन्हें अनेक शासकीय योजनाओं का लाभ भी दिया जा चुका है। साथ ही विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में इनका आवास पक्का बन चुका है।

# आकांक्षा को मिली अनुकंपा नियुक्ति



**बालाघाट** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को शासकीय सेवक की मृत्यु उपरांत उनकी सुपुत्री कुमारी आकांक्षा डोंगरे को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। शासकीय सेवक स्व.श्री झनेश डोंगरे प्राथमिक शिक्षक के रूप में परसाटोला में पदस्थ थे। जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री पीएन चतुर्वेदी ने बताया कि शासकीय सेवा रहते हुए कोरोना से संक्रमित होने के कारण उनका देहांत हो गया था। कु.आकांक्षा को शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बालाघाट में भृत्य के पद पर नियुक्ति दी गई है।

# जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों का आधे दिवस का वेतन कटोत्रा करें : कलेक्टर

### जनसुनवाई के दिन आम जनता को ई-रिक्शा की सुविधा प्रदान करें

**मन्दसौर**

#### जनसुनवाई में आज कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए




साप्ताहिक जनसुनवाई आज कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने आम जनता की समस्या को सुना तथा मौके पर निराकरण किया। आज जनसुनवाई में कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने की निर्देश प्रदान किए गए। जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों के संबंध में कलेक्टर ने कोषालय अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी जो जनसुनवाई में अनुपस्थित है, उनके आधे दिवस का वेतन काटा जाए। प्रभारी अपर कलेक्टर को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई के दिन आम जनता को आने जाने के लिए ई रिक्शा की सुविधा प्राप्त हो। इसके लिए योजना बनाएं। जनसुनवाई के दौरान सीमांकन, बटवारा, नामांतरण से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिनका तुरंत निराकरण करने की निर्देश दिए गए। महाप्रबंधक उद्योग विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि रोजगार से संबंधित जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं। उनका तुरंत निराकरण करें तथा लोगों को स्वरोजगार योजना का लाभ प्रदान करें। आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदनों के लिए निर्देश देते हुए कहा कि नियम अनुसार जांच कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए। इसके साथ ही जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण, राशन कार्ड, राशन पर्ची, पीएम आवास, पारिवारिक विवाद इत्यादि तरह-तरह के आवेदन प्राप्त हुए।

# गोवर्धन गौशाला काजीपुरा में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**खरगोन**



*कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा टीएल बैठक में सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया था कि वे अपने क्षेत्र में संचालित गौशालाओं का निरीक्षण करें और वहां की व्यवस्थाओं को देखें। शासन द्वारा इस वर्ष को गौ संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है और इसमें जन सहयोग से गौशालाओं की व्यवस्थाओं में सुधार करना है। कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा जिले में संचालित 36 गौशालाओं का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के अनुपालन में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन के सीईओ श्री पीएस धनवाल द्वारा 09 जुलाई को काजीपुरा स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में यथा-पानी, चारा, भूसा, सुदाना, उपलब्ध गौवंश का टीकाकरण, टेगिंग इत्यादि की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सालय खरगोन की चिकित्सक डॉ. शैजला कांसिया, गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र गांधी एवं बैंक के अधिकारी श्री अनिल कानूनगों उपस्थित थे।*

# भारत से पंगा लेकर कंगाल हुआ कनाडा, NATO में भी घट गया रुतबा

**इंटरनेशनल डेस्क:** नाटो का गठन स्स्क्र के दबदबे से लड़ने के लिए किया गया था। बाद में जब स्स्क्र टूटा तो यह संगठन रूस के खिलाफ खड़ा रहा और आज भी खड़ा है। अमेरिका के नेतृत्व वाले इस संगठन में उसके पड़ोसी देश कनाडा की अहम भूमिका रही है। लेकिन हाल के समय में कनाडा और उनके प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का पूरा ध्यान भारत से पंगा लेने में लगा रहा। कनाडा लागातार भारत से भागे हुए खालिस्तानी आतंकवादियों को पनाह दे रहा है। इसको लेकर भारत सरकार ने चिंता भी जाहिर की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित हो रहे नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर सोमवार को एक प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन ने कहा कि कनाडा 32 सदस्यीय इस सैन्य गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। प्रमुख अमेरिकी मीडिया



संगठन 'पॉलिटिको ने कहा, ''पिछले कई वर्षों में ओटावा 32 सदस्यीय गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। वह घरेलू सैन्य खर्च के लक्ष्यों को पूरा करने में नाकाम रहा है, नए उपकरण खरीदने के लिए वित्त पोषण देने में नाकाम रहा है और उसके पास इस संबंध में कोई योजना भी नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो इस साल के उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वाशिंगटन पहुंच गए हैं जिसकी औपचारिक शुरुआत मंगलवार को होगी। ट्रुडो के कार्यालय ने बताया कि यहां बैठकों के दौरान वह पूरे यूरोप में नाटो के सामूहिक रक्षा प्रयासों में कनाडा के योगदानों पर प्रकाश डालेंगे। 'पॉलिटिको ने कहा कि नाटो के 12 संस्थापक सदस्यों में से एक कनाडा ने रक्षा पर दो प्रतिशत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) खर्च करने के संकल्प पर 2014 में हस्ताक्षर किए थे। नाटो सदस्यों की इस लक्ष्य को हासिल करने में धीमी प्रगति रही है लेकिन इस साल 32 में से 23 नाटो सदस्य रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की योजनाओं को लेकर गठबंधन की पूर्वी सीमा पर बढ़ते खतरे के मद्देनजर इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। 'पॉलिटिको के अनुसार, नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान उसके सदस्य कनाडा पर और अधिक नकदी जुटाने पर जोर दे सकते हैं। मीडिया संगठन ने विदेश विभाग के एक पूर्व अधिकारी मैक्स बर्गमैन के हवाले से कहा, ''अब क्या हो रहा है कि हर कोई अधिक खर्च कर रहा है जबकि कनाडा कोशिश भी नहीं कर रहा है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों ने 3 सैनिकों का किया अपहरण

**पेशावर:** पाकिस्तान में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टांक जिले में मंगलवार को अज्ञात आतंकवादियों ने अर्द्धसैन्य फ्रंटियर कोर के तीन सैनिकों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सैनिक एक कार में सवार होकर सोर कमर एफसी चौकी से टांक बाजार जा रहे थे तभी आतंकवादियों ने एक नाके पर उन्हें रोक लिया। आतंकवादियों ने कोट आजम और कोट किला इलाके के बीच नाकेबंदी की थी। नाकेबंदी पर आतंकवादी तीन सैनिकों को अपने साथ ले गए और उनके एटीएम कार्ड और पहचान पत्र कार चालक को सौंप दिए।

उन्होंने यह कार किराए पर ली थी जिसका चालक असैन्य नागरिक था। कार चालक ने बताया कि अपहरण के समय सैनिक छुट्टियों पर घर जा रहे थे। कार चालक ने सैनिकों का सामान कोर किला में एफसी प्राधिकारियों को सौंप दिया।



पिछले महीने टांक जिले में ही तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने कम से कम 13 मजदूरों को अगवा कर लिया था। पुलिस ने नौ मजदूरों को कुछ घंटों में मुक्त करा लिया था जबकि चार मजदूर अब भी बंधक हैं। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन टीटीपी ने तीन जुलाई को एक वीडियो जारी किया जिसमें चारों मजदूर पंजाब की मुख्यमंत्री मरयम नवाज से उनकी रिहाई सुनिश्चित करने का अनुरोध कर रहे हैं और अपनी जान खतरे में होने की बात कह रहे हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में नौ आतंकवादियों को मार गिराया था।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंचे ऑस्ट्रिया

# 40 साल बाद किसी भारतीय पीएम की यात्रा...टॉप CEOs के साथ करेंगे मीटिंग

**वियना-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को ऑस्ट्रिया की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। इस यात्रा के दौरान दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने तथा कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर निकट सहयोग के तरीकों पर विचार करेंगे। रूस की दो-दिवसीय यात्रा के बाद मोदी वियना पहुंचे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए मोदी ने 'एक्स पर कहा, ''वियना पहुंच गये। ऑस्ट्रिया की यह यात्रा विशेष है। हमारे देश साझा मूल्यों से जुड़े हुए हैं।



चांसलर कार्ल नेहमर के साथ वार्ता और भारतीय समुदाय के साथ संवाद सहित ऑस्ट्रिया में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए उत्सुक हूं।ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शेलेनबर्ग ने हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया। यह 40 वर्ष से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा है। इससे पहले 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस देश की यात्रा की थी। मोदी बुधवार को ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलन से मुलाकात करेंगे और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ वार्ता करेंगे। मोदी और नेहमर भारत तथा ऑस्ट्रिया के उद्योगपतियों को संबोधित भी करेंगे।

### ब्राजील के साओ पाउलो में दर्दनाक सड़क हादसा

# दो बसों की आपसी टक्कर में 5 लोगों की मौत

**साओ पाउलो:** ब्राजील के शहर साओ पाउलो में सोमवार को दो बसों के बीच आपस में टक्कर हो गई, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना ब्राज़ील के सबसे बड़े शहर साओ पाउलो से 206 किमी दूर इपेउना नगर पालिका में राजमार्ग 191 पर हुई। इनमें से एक बस मरीजों को क्लिनिकल अध्ययन के लिए एक चिकित्सा केंद्र ले जा रही थी जबकि दूसरा वाहन खाली था। पीड़ितों में से चार मरीज़ों को ले जा




रही बस में यात्रा कर रहे थे। पांचवां हताहत खाली बस का ड्राइवर था। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के बाद, बचाव कार्य करने के लिए राजमार्ग को दोनों दिशाओं में बंद कर दिया गया।

# भारतीय महिलाओं से चीनी साइबर क्रिमिनल्स करवा रहे हैं ब्लैकमेलिंग

### न्यूड कॉल करने के लिए कर रहे मजबूर

**नेशनल डेस्क-** चीनी साइबर क्रिमिनल्स कंबोडिया भेजी गई भारतीय महिलाओं से जबरदस्ती न्यूड कॉल करवाकर ब्लैकमेलिंग करवा रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इन महिलाओं से लोगों को हनीट्रैप में फंसाने का काम करवाया जा रहा है। तेलंगाना के रहने वाले मुंशी प्रकाश ने इस मामले का भंडाफोड़ किया है, जो खुद भी इस फ्रॉड का शिकार हो चुके हैं। मुंशी प्रकाश एक आईटी कंपनी में काम करते थे। उन्होंने विदेश में नौकरी पाने के लिए एक जॉब साइट पर अपनी प्रोफाइल अपलोड की थी। एक दिन कंबोडिया के एजेंट विजय ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया में नौकरी का ऑफर दिया और ट्रैवल हिस्ट्री के बहाने मलेशिया का टिकट थमा दिया। मुंशी 12 मार्च को क्वालालंपुर पहुंचे, वहां से उन्हें नोम पेन्ह ले जाया गया। विजय के एक आदमी ने उनसे 85 हजार अमेरिकी डॉलर ले लिए और उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया। इसके बाद मुंशी को क्रोंग बावेट के एक परिसर में ले जाया गया, जहां पहले से कई भारतीय फंसे हुए थे। वहां पर उन्हें भारतीय भाषाओं में लड़कियों की नकली प्रोफाइल बनाने और उनका उपयोग करने की ट्रेनिंग दी गई। चीनी गैंग ने उन्हें एक सप्ताह तक अंधेरे कमरे में बंद कर टॉर्चर किया। मुंशी ने किसी तरह अपना सेल्फ वीडियो रिकॉर्ड कर चेन्नै



में रह रही अपनी बहन को भेज दिया। इसके बाद उनकी बहन ने भारतीय दूतावास को सूचित किया, जिसके परिणामस्वरूप 16 अप्रैल को कंबोडिया की पुलिस ने उनका रेस्क्यू किया। चीनी गैंग के फर्जी केस के कारण मुंशी को कंबोडिया की जेल में डाला गया, लेकिन 12 दिन बाद उन पर लगे आरोप फर्जी पाए गए और वे 5 जुलाई को वापस दिल्ली पहुंचे। मुंशी के साथ 9 अन्य लोगों की भी जान बचाई गई। उन्होंने बताया कि अभी भी कंबोडिया में लगभग 3 हजार भारतीय फंसे हुए हैं, जिनमें लड़कियां भी शामिल हैं।

# SDG को अपने राष्ट्रीय विकास रणनीतियों में पूरी तरह से एकीकृत किया हैः भारत

**संयुक्त राष्ट्र-** भारत ने कहा है कि उसने सतत विकास लक्ष्यों को अपनी राष्ट्रीय विकास रणनीतियों में पूरी तरह से एकीकृत कर लिया है और उसे अपने एसडीजी स्थानीयकरण मॉडल पर गर्व है, जो संस्थागत स्वामित्व, सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा, क्षमता निर्माण और समग्र समाज दृष्टिकोण के स्तंभों पर आधारित है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उपस्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने यह टिप्पणी सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में ''एसडीजी शिखर सम्मेलन से लेकर टिकाऊ, लचीले और अभिनव समाधानों के प्रभावी वितरण तक विषय पर उच्च-स्तरीय राजनीतिक मंच पैनल को संबोधित करते हुए की। सतत विकास पर उच्च-स्तरीय राजनीतिक मंच (एचएलपीएफ) आठ जुलाई को शुरू हुआ और 17 जुलाई तक चलेगा, जिसका विषय




है, ''वर्ष 2030 एजेंडा को सुदृढ़ बनाना और विभिन्न संकटों के समय में गरीबी उन्मूलन- टिकाऊ, लचीले और अभिनव समाधानों का प्रभावी क्रियान्वयन। पटेल ने कहा, भारत को अपने एसडीजी स्थानीकरण मॉडल पर गर्व है, जो चार स्तंभों पर आधारित है- संस्थागत स्वामित्व, सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा, क्षमता निर्माण और संपूर्ण समाज दृष्टिकोण। भारत के मजबूत आर्थिक विकास सूचकांक प्रणालीगत सुधारों, समावेशी नीतियों और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के लाभ उठाने से उत्पन्न हुए हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने एसडीजी को अपनी राष्ट्रीय विकास रणनीतियों में पूरी तरह से कैसे एकीकृत किया है। उन्होंने बताया कि भारत का प्रमुख राष्ट्रीय विचार मंच नीति आयोग एसडीजी को लागू करने में केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों दोनों का मार्गदर्शन करता है। ऐसे में जब भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा रखता है, जो उसकी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के साथ मेल खाता है, भारत ने दक्षिण-दक्षिण सहयोग सहित साझेदारी के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। दुनिया के सामने इस अफसोसजनक सच्चाई का सामना करने के साथ कि वर्तमान में एसडीजी लक्ष्यों में से केवल 12 प्रतिशत ही पटरी पर हैं, पटेल ने कहा कि एजेंडा 2030 और उसके लक्ष्यों के लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता की तत्काल आवश्यकता है। पटेल ने कहा कि भारत उच्च-स्तरीय राजनीतिक फोरम को सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और 2030 एजेंडा को साकार करने के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में देखता है।

# विश्व धरोहर समिति की बैठक पहली बार भारत में

### नए स्थलों को मिल सकती है विश्व धरोहर की मान्यता

नेशनल डेस्क- भारत में 42 धरोहरों को विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है और आने वाले दिनों में कुछ और भारतीय स्थलों को इस सूची में शामिल किया जा सकता है। भारत ने इस संबंध में प्रस्ताव भेजा है, जिस पर 21 जुलाई को दिल्ली में होने वाली विश्व धरोहर समिति (वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी) की बैठक में मुहर लग सकती है। पहली बार, भारत में वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी की बैठक हो रही है। यह बैठक 21 से 31 जुलाई तक दिल्ली में आयोजित की जाएगी।

भारत इस बैठक की अध्यक्षता करेगा। यह यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी का 46वां सत्र है, जिसमें 21 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। भारत को चौथी बार, चार वर्षों (2021 से 2025) के लिए इस कमेटी में सदस्यता मिली है और इस बार भारत इसकी अध्यक्षता भी कर रहा है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने दैनिक जागरण के साथ विशेष बातचीत में कहा कि यह पहली बार है जब भारत की अध्यक्षता में वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी की बैठक भारत में हो रही है। इस दस दिवसीय बैठक में 195 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी दुनिया की घोषित विश्व धरोहरों का लेखाजोखा रखती है और उनका ऑडिट करती है। हर देश साल में एक एंट्री अपने यहां की धरोहर को विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव दे सकता है। सभी देशों से आए प्रस्तावों पर चर्चा होती है और नए प्रस्तावों को स्वीकृत किया जाता है।

शेखावत ने बताया कि इस बैठक में भारत के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी।




हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि भारत ने कौन-से स्थल के लिए प्रस्ताव भेजा है, क्योंकि इसका निर्णय बैठक में होना है। वर्तमान में भारत की कुल 42 साइट्स विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं और यह गर्व की बात है कि पिछले पांच वर्षों में भारत हर साल अपने प्रस्ताव को स्वीकृत कराने में सफल रहा है। बैठक में एक फोरम टेक्निकल लोगों का भी होता है, जिसमें दुनिया भर से 30 साइट मैनेजर्स शामिल होते हैं और उनका एक तकनीकी क्षमता निर्माण कार्यक्रम होता है।

इसके अलावा, एक यंग प्रोफेशनल्स का भी कार्यक्रम होता है, जिसमें नए जुड़े लोग हिस्सा लेते हैं। संस्कृति मंत्री ने बताया कि इस बार भारत ने प्रस्ताव दिया है कि 30 साइट मैनेजर्स के कार्यक्रम में 20 भारतीयों को भी जोड़ा जाए, जिससे उन्हें ग्लोबल एक्सपोजर मिल सके। इसी तरह, 20 यंग प्रोफेशनल्स के साथ भारत अपने 20 और यंग प्रोफेशनल्स को जोड़ेगा। इस बैठक के दौरान देशभर के 150 से अधिक विशिष्ट कलाकार दिल्ली के सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण में जुटे रहेंगे। यह ऐतिहासिक बैठक न केवल भारत के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि विश्व धरोहरों के संरक्षण और प्रोत्साहन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569